राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 08 अंकः 131 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



कांग्रेस की जीत पर कार्यकर्ता बजरंगबली का गदा लेकर खुशी मनाते हुए।

## सचिन ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया



**मुंबई:** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने मुंबई क्राइम ब्रांच के साइबर सेल में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि इंटरनेट पर चल रहे फेक एडवर्टाइजमेंट में उनके नाम, फोटो और आवाज का इस्तेमाल किया गया है। क्राइम ब्रांच ने इस मामले में आईपीसी की धाराओं 420, 465 और 500 के तहत मामला दर्ज किया है। इसमें धोखाधड़ी, जालसाजी और आईटी अधिनियम की संबंधित धाराएं शामिल हैं। सचिन की शिकायत के बाद मुंबई पुलिस की साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है।

फेक एडवर्टाइजमेंट में सचिन का नाम, फोटो और आवाजः रिपोर्ट के मुताबिक तेंदुलकर की तरफ से यह शिकायत उनके पर्सनल असिस्टेंट ने दर्ज कराई है।

## पंजाब में काम पर लगी मुहरः सीएम अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जालंधर लोकसभा उपचुनाव के नतीजों पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह जीत कांग्रेस के गढ़ में मिली है।

अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि जनता ने आप सरकार के कामों पर मुहर लगाई है।

जालंधर के लोगों ने अपने वोट से यह बता दिया कि आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब में शानदार काम कर रही है।

आगे उन्होंने कहा कि जालंधर की यह जीत पंजाब में आप सरकार के काम की जीत है।

जालंधर की जनता के साथ-साथ इस चुनाव में अपना पसीना बहाने वाले आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई।

## कांग्रेस की जीत, जनता की जीत है : खड़गे



**टीम एक्शन इंडिया/बंगलुरू**

**कांग्रेस अध्यक्ष** मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी को अपार बहुमत के बाद राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में कांग्रेस की यह जीत, जनता की जीत है। खड़गे ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि कांग्रेस सरकार बनाने के बाद राज्य की जनता से किए अपने पांचों वादे को पूरा करेगी। पार्टी पर भरोसा जताने के लिए हम कर्नाटक की जनता को धन्यवाद देते हैं। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जीत जनता की जीत है। कर्नाटक की जनता ने भ्रष्ट सरकार को नकार दिया है। हमने जो वादे किए हैं, उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दूसरे राज्यों में भी कांग्रेस सरकार बनाएगी।

# जय बजरंग बली...कर्नाटक में कांग्रेस की चली!

## भाजपा ने हार मानी, राहुल ने 6 बार मीडिया से नमस्ते किया, बोले- देश को मोहब्बत अच्छी लगती है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/बंगलुरू**

**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव के रिजल्ट से कांग्रेस की सरकार बनना तय हो गया है। शनिवार दोपहर 12 बजे से पहले ही साफ हो गया था कि पार्टी राज्य में बहुमत हासिल कर लेगी। 12 बजे कर्नाटक कांग्रेस चीफ डीके शिवकुमार घर की बालकनी पर आए, कांग्रेस का झंडा फहराया और कार्यकर्ताओं के सामने हाथ जोड़े। मीडिया के बीच पहुंचे तो भावुक हो उठे। जेल में सोनिया गांधी मिलने आई थीं, उनसे जीत का वादा किया था। एक बजे के आसपास भाजपा ने हार मान ली। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई सामने आए और कहा- नतीजों का एनालिसिस करेंगे, पार्टी लोकसभा चुनाव में दमदार वापसी करेगी। दोपहर 2:30 बजे राहुल गांधी दिल्ली में मीडिया के सामने आए। 6 बार मीडिया से नमस्ते कहा और 2 मिनट का वक्त मांगा। फिर बोले- हमने नफरत से लड़ाई नहीं लड़ी। कर्नाटक ने दिखा दिया कि देश को मोहब्बत पसंद है।

**सीएम पद के 3 चेहरे मैदान में, तीनों चुनाव जीतेः** इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के कई बड़े चेहरों का राजनीतिक भविष्य दांव पर लगा था। कांग्रेस के सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार, भाजपा के बसवराज बोम्मई प्रमुख फेस थे। ये तीनों चुनाव जीत गए। कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए भी यह बेहद अहम चुनाव था। एकतरफा जीत से पार्टी में उनका कद बढ़ेगा।

**पहली बार 73.19% मतदान, पिछले चुनाव से 1% ज्यादाः** राज्य में 38 साल से सत्ता रिपीट नहीं हुई है। आखिरी बार 1985 में रामकृष्ण हेगड़े के नेतृत्व वाली जनता पार्टी ने सत्ता में रहते हुए चुनाव जीता था। वहीं, पिछले पांच चुनाव (1999, 2004, 2008, 2013 और 2018) में से सिर्फ दो बार (1999, 2013) सिंगल पार्टी को बहुमत मिला। भाजपा 2004, 2008, 2018 में सबसे बड़ी पार्टी बनी। उसने बाहरी सपोर्ट से सरकार बनाई। 10 मई को 224 सीटों के लिए 2,615 उम्मीदवारों के लिए 5.13 करोड़ मतदाताओं ने वोट डाले। चुनाव आयोग के मुताबिक, कर्नाटक में 73.19% मतदान हुआ है। यह 1957 के बाद राज्य के चुनावी इतिहास में सबसे ज्यादा है।

**2018 में भाजपा को बहुमत नहीं... फिर भी सरकार बनाईः** 2018 में भाजपा ने 104, कांग्रेस ने 78 और जेडीएस ने 37 सीटें जीती थीं। किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था। भाजपा से येदियुरप्पा ने 17 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, लेकिन सदन में बहुमत साबित न कर पाने की वजह से 23 मई को इस्तीफा दे दिया। इसके बाद कांग्रेस-जेडीएस की गठबंधन सरकार बनी।





## डीके शिवकुमार या सिद्धारमैया, कर्नाटक में कांग्रेस किसे बनाएगी सीएम?

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कर्नाटक** में विधानसभा चुनाव के कांग्रेस ने बंपर जीत दर्ज की है। लेकिन सवाल बड़ा है कि अब कर्नाटक में कांग्रेस किस मुख्यमंत्री बनाएगी।

**डीके शिवकुमारः** डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया कर्नाटक में कांग्रेस का बड़ा चेहरा है। संभव है कि सरकार बनने पर शिवकुमार या सिद्धारमैया में से किसी एक को ही सीएम बनाया जाएगा। सात बार से विधायक डीके शिवकुमार कर्नाटक की राजनीति में बड़ा नाम है। कई मौकों पर उन्होंने कांग्रेस को संकट से बाहर निकाला है। इस बार भी वह कनकपुरा विधानसभा सीट से चुनाव लड़े और जीत दर्ज की है।

सिद्धारमैयाः कर्नाटक में 2013 से 2018 तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं। सीएम पद के लिए सिद्धारमैया भी बड़े दावेदार माने जा रहे हैं। कांग्रेस की सरकार बनने पर सिद्धारमैया के नाम पर भी सीएम के तौर पर मुहर लग सकती है। सिद्धारमैया वरुणा सीट से जीत दर्ज किए हैं।

**राजस्थान, एमपी, की तरह कर्नाटक में भी होगी खींचतानः** राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ की तरह कर्नाटक में भी कांग्रेस के सामने सीएम पद को लेकर मुश्किल आ सकती है। डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के समर्थक अपने-अपने नेताओं को सीएम बनाए जाने की मांग करते रहे हैं। नतीजों से ठीक पहले सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र ने भी अपने पिता के लिए सीएम पद की पैरवी की है। यतींद्र ने कहा कि कर्नाटक के विकास के लिए सिद्धारमैया को सीएम बनाया जाना चाहिए। बता दें कि राजस्थान में सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच सीएम जंग अब खुलकर सामने आ गई है।

## 'सोनिया गांधी का जेल आना मैं नहीं भूल सकता...'

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरू**

**कांग्रेस** ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बंपर जीत दर्ज की है। इस दौरान डी के शिवकुमार चुनावों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया समय भावुक हो गए। उन्होंने राज्य में उनके नेतृत्व में भरोसा जताने का श्रेय गांधी परिवार को दिया। गालों पर आंसू छलकते हुए पूर्व मंत्री डी के शिवकुमार ने जीत के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने पार्टी आलाकमान से कहा है कि वह कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करेंगे। शिवकुमार ने दबी आवाज में कहा कि मैं पार्टी कार्यकर्ताओं और पार्टी की जीत का श्रेय सभी नेताओं को देता हूं। लोगों ने हम पर विश्वास जताया है और नेताओं ने हमारा समर्थन किया है।

## अब विपक्ष के रूप में काम करेंगेः बोम्मई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने विधानसभा चुनाव के आ रहे परिणाम को देखते हुए हार स्वीकार कर ली। उन्होंने कहा कि विधानसभा में अब भारतीय जनता पार्टी जिम्मेदार विपक्ष के रूप में काम करेगी। बसवराज बोम्मई ने शनिवार को कहा कि विधानसभा में अब भाजपा जिम्मेदार विपक्ष के रूप में काम करेगी। इसके साथ ही उन्होंने वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में वापसी की बात कही है। चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बोम्मई ने कहा कि कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में भाजपा असर नहीं छोड़ पाई।

## कांग्रेस जनता से किए हर वादे को पूरा करेगी : राहुल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस जनता से किए सभी वादे को पूरा करेगी। यह राज्य की जनता की जीत है। कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार दोपहर को पत्रकारों से मुखातिब होते हुए राहुल गांधी ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं, नेताओं और राज्य की जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता ने नफरत की दुकान बंद कर दी है। आगे उन्होंने कहा कि कर्नाटक की गरीब जनता ने पूंजीवादी शक्ति को हरा दिया है। हमने कर्नाटक का चुनाव मोहब्बत के साथ लड़ा और जीता है। हम दूसरे राज्यों में भी इसी तरह चुनाव जीतेंगे।

## जम्मू में भारत-पाक बॉर्डर पर बन रहीं 42 पुलिस चौकियां

**टीम एक्श इंडिया/श्रीनगर**

**जम्मू-कश्मीर** के पुंछ और राजौरी में हाल ही में हुई आतंकी वारदातों के बाद केंद्र ने जम्मू-कश्मीर बॉर्डर पुलिस की ताकत बढ़ा दी है। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर आतंकी घुसपैठ रोकने के लिए 42 नई पुलिस चौकियां बनाई जा रही हैं। सेकंड लेवल की एंटी इन्फिल्ट्रेशन ग्रिड को मजबूत करने के लिए बनाई जा रही इन चौकियों में पुलिस कर्मियों के लिए 600 से ज्यादा पोस्ट को मंजूरी दी गई है। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय की तरफ से स्वीकृत 607 पोस्ट में सब इंस्पेक्टर के 39, असिस्टेंट सब इंटस्पेक्टर के 88, हेड कांस्टेबल और सिलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल/कांस्टेबल की 430 पोस्ट शामिल हैं। बीएसएफ यानी बॉर्डर पुलिस पोस्ट इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (छङ्गउ) पर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ और सेना के बाद दूसरे नंबर पर आती हैं।

## कुश्ती संघ के सभी पदाधिकारियों पर प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**भारतीय ओलिंपिक** संघ ने भारतीय कुश्ती संघ के सभी पदाधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। क्हअ के संयुक्त सचिव कल्याण चौबे ने कुश्ती संघ को आदेश जारी कर उसके सभी पदाधिकारियों के प्रशासनिक, आर्थिक कार्य पर रोक लगा दी है। कुश्ती संघ से सभी दस्तावेज, अकाउंट्स और विदेशी टूर्नामेंटों के लिए भेजी जाने वाली एंट्री का लॉगिन, वेबसाइट संचालन तत्काल उसे सौंपने को कहा है। यह कदम खेल मंत्रालय की ओर से भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव रद्द कर क्हअ की अस्थायी समिति को संघ के चुनाव कराने और उसके संचालन का जिम्मा सौंपे जाने के बाद उठाया है। बता दें कि देश के कई नामी पहलवान के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर 21 दिन से धरना दे रहे हैं।।

**45 दिन में होंगे चुनावः** कुश्ती संघ के चुनाव 45 दिन में कराने के आदेश खेल मंत्रालय ने दिए हैं। इसके लिए तीन सदस्यीय अस्थायी समिति का गठन 3 मई को किया गया था। जिसमें वूशु संघ के भूपेंदर सिंह बाजवा, ओलंपियन निशानेबाज सुमा शिरूर और एक सेवानिवृत जज को शामिल किया गया है।

## जालंधर उपचुनाव में आप की बंपर जीत

**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**

**जालंधर** में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस का गढ़ ध्वस्त कर दिया है। आम आदमी पार्टी ने ये लोकसभा सीट जीत ली है। उपचुनाव में आप के उम्मीदवार सुशील रिंकू ने कांग्रेस उम्मीदवार कर्मजीत कौर चौधरी को 58,691 वोटों से हरा दिया। उपचुनाव के लिए वोटिंग 10 मई को हुई थी। पिछली 4 बार से कांग्रेस इस सीट पर जीतती रही है। 2014 और 2019 में कांग्रेस उम्मीदवार कर्मजीत कौर चौधरी के पति संतोख सिंह चौधरी यहां से चुनाव जीते। हालांकि उनके निधन के बाद कांग्रेस सीट गंवा बैठी।



**करतारपुर व वेस्ट से सबसे ज्यादा लीडः** विधानसभा सीटों के लिहाज से बात करें तो जालंधर से आप उम्मीदवार सुशील रिंकू को सबसे ज्यादा 13890 की लीड करतारपुर से मिली। दूसरे नंबर पर जालंधर वेस्ट से 9500 की लीड मिली। इसके बाद आदमपुर से 8960, फिल्लौर और जालंधर कैंट से 7 हजार, नकोदर से 5211 और शाहकोट से 273 की लीड मिली।

### आप का चला झाड़ू

= उपचुनाव में आप के उम्मीदवार सुशील रिंकू ने कांग्रेस उम्मीदवार कर्मजीत कौर चौधरी को 58,691 वोटों से हरा दिया

**खुलासा**

### मणिपुर में हिंसा के दौरान करीब 230 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे

## मणिपुर हिंसाः मरने वालों की संख्या 71 हुई

**टीम एक्शन इंडिया/इम्फाल**

**कुकी-नगा और मैतेई समुदाय** के बीच 3 मई से शुरू हुई हिंसा के बाद मणिपुर में मरने वालों की संख्या 71 हो गई है। यह जानकारी मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मणिपुर में हिंसा के दौरान करीब 230 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे और 1700 घरों को जला दिया गया था। 10 दिन पहले हुई हिंसा के बाद यहां आज भी इंटरनेट बंद है। जातीय हिंसा के बाद राज्य के 10 आदिवासी विधायकों ने आदिवासियों के लिए अलग प्रशासन की मांग की है। इन विधायकों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार पर राज्य में हिंसा को मौन समर्थन देने का आरोप लगाया है। विधायकों का कहना है कि आदिवासी अब मणिपुर में नहीं रह सकते हैं और वे भारत के संविधान के तहत अलग प्रशासन चाहते हैं।



बयान जारी करने वाले 10 विधायकों में हाओखोलेट किपजेन (आईएनडी), नगुरसांग्लुर सनाटे (जेडी-यू), किमनेओ हाओकिप हंगशिंग (केपीए), लेटपाओ हाओकिप (बीजेपी), एलएम खौटे (जेडीयू), लेट्जमांग हाओकिप (बीजेपी), चिनलुनथांग (बीजेपी), पाओलीनलाल हाओकिप (बीजेपी), नेमचा किपजेन (बीजेपी), वंगजागिन वाल्टे (बीजेपी) शामिल हैं।

**उग्रवादियों की सुरक्षा बलों से झड़प हुईः** कुलदीप सिंह ने बताया कि गुरुवार को एक बार फिर मणिपुर कमांडो और उग्रवादियों के बीच गोलीबारी हुई। जिसमें छह कमांडो घायल हो गए थे। इनमें से एक की मौत हो गई।



# सीएम ने सिरसा में गांव बड़ागुढ़ा में किया जन संवाद

### आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी से ईलाज के पैसे लेने के मामले में सीएम ने सीएमओ को दिए निर्देश, अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई कर लाभार्थी को उसकी 20 हजार रुपये की राशि वापिस दिलवाई जाए

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/सिरसा**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सिरसा जिले के गांव बड़ागुढ़ा में जन संवाद कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थी से ईलाज के पैसे लेने के एक मामले में सीएमओ को सख्त निर्देश दिए कि अस्पताल प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और आज शाम तक लाभार्थी को उसकी 20 हजार रुपये की राशि वापिस मिल जानी चाहिए। जन संवाद कार्यक्रम में गांव बड़ागुढ़ा के एक युवक ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनका आयुष्मान कार्ड बना हुआ है, लेकिन निजी अस्पताल ने उनसे ईलाज के नाम पर 20 हजार रुपये लिए। इसी प्रकार, एक अन्य युवक से निजी अस्पताल द्वारा ईलाज के नाम पर पैसे लेने के



मामले में मुख्यमंत्री ने सीएमओ को निर्देश दिए कि इस मामले की जांच कर समुचित कार्यवाही की रिपोर्ट 7 दिन में सौंपें। इसके अलावा, यदि कोई और मामला इस प्रकार का सामने आता है तो अस्पताल का लाइसेंस रद्द किया जाए।

**जमीन संबंधी मामले में रिश्वत मांगने पर मुख्यमंत्री ने पटवारी को किया सस्पेंड:** जन संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष गांव के युवक ने समस्या बताते हुए कहा कि जमीन संबंधी कार्य करने की एवज में गांव छतरियाँ के नहरी पटवारी नरेश ने उनसे 5 हजार रुपये मांगे। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नहरी पटवारी नरेश सस्पेंड करने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य नशे को जड़ से खत्म करना है। इसके लिए सरकार के साथ समाज की भी जिम्मेदारी है। इसलिए गांववासी भी लोगों को जागरूक करें ताकि युवा नशे की तरफ न जाएं। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वे नशा बेचने वालों की सूचना सरकार को दें, उन पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

#### वर्तमान राज्य सरकार ने किए जनता की भलाई

**जन** संवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने पिछले साढ़े 8 सालों में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। एक युवक ने कहा कि गांव में नशे की बहुत समस्या थी, लेकिन सरकार ने कदम उठा कर यहां नशे की समस्या को दूर किया। एक युवक ने सरकार के कामों की सराहना करते हुए कहा कि पहले जमीन की फर्द प्राप्त करने के लिए बहुत परेशनी होती थी। कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन अब ऑनलाईन फर्द निकलती है, जिससे बहुत राहत मिली है। एक युवक ने कहा कि सरकार ने गांव में पानी स्टोरेज के लिए टैंक बनवाएं हैं, उससे लोगों को बहुत लाभ हुआ है। टपका सिंचाई भी संभव हुई है। इसी प्रकार एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि गांव में पहले कोई मुख्यमंत्री आता ही नहीं था।

#### बिना पर्ची बिना खर्ची के लग रही नौकरी

**कार्यक्रम** में युवाओं ने एक मत से कहा कि पहले सरकारी नौकरी लेने के लिए जमीनें बेचनी पड़ती थी या कर्ज लेकर नौकरी लगते थे, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार में बिना पैसे और बिना सिफारिश के नौकरी लगी है। इस पर मुख्यमंत्री ने बताया कि बड़ागुढ़ा गांव में केंद्र व राज्य की मिलाकर 10 नौकरियां युवाओं को मिली हैं।

## सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा बैरागी धर्मशाला मे लगाया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक )**सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा बैरागी धर्मशाला कुरुक्षेत्र मे महंत प्रेमदास जी की राज्य स्तरीय जयंती के उपलक्ष्य पर रियल जूस का विशाल भण्डारा दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैरागी समाज के प्रधान हवा सिंह व प्रमुख समाजसेवी डाक्टर रामगोपाल मित्तल द्वारा की गई। उन्होने बताया की राज्य स्तरीय धर्मशाला के निर्माण में महंत प्रेमदास जी का बहुत बड़ा योगदान है ।समाज के प्रति उनके योगदान को मापा नहीं जा सकता है। उन्होने समाज मे लडकियों की शिक्षा ओर समाज की एकजुटता के लिए बहुत कार्य किया। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल, रमेश थाना व सुमंत सैनी ने कहा की महंत प्रेमदास जी को उनकी जयंती पर हम सब कोटि-कोटि नमन करते है ।उनका महान व्यक्तित्व और शुद्ध विचार एक विकसित देश-प्रदेश की परिकल्पना में हमारा मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे। उनकी राज्य स्तरीय जयंती पर सेवा ट्रस्ट की को-स्पोंसर डाबर के सहयोग से रियल जूस का अटूट लंगर लगाया गया है।

## कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव ने अम्बा मार्केट के लोगों की सुनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव व श्री विश्वकर्मा धीमान समाज हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष यमुनानगर के प्रभारी अर्जुन धीमान अंबाला शहर की अंबा मार्केट में जाकर लोगों की समस्याएं सुनी। जिसमें उन्होंने बताया कि हमारी मार्केट अंबाला की सबसे पुरानी मार्केट है परंतु इसमें हमेशा गंदगी के ढेर पानी खड़ा रहता है। नाला कई साल से कोई सफाई नहीं हुई और पानी दुकानों के सामने दूर-दूर तक भरा पड़ा है। जिससे हमें दुर्गंध आती है और बीमारियों का खतरा हमारे सिर पर मंडरा रहा है। डेंगू जैसी बीमारी हमारे मार्केट में कई लोगों को हो चुकी है जो कि मौत के मुंह से बचकर लौटे हैं एक बार फिर यहां जो गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। प्रशासन इसकी और कोई भी ध्यान नहीं देता अर्जुन धीमान ने कहा कि खट्टर सरकार विकास के तो बड़े-बड़े दावे कर रही है और हर वर्ष बहुत से बजट पास करके लोगों की हितों की रक्षा पर खर्च करने के दावे कर रही है। परंतु धरातल पर विकास देखा जाए तो यहां पर लोग बहुत ही परेशान है विकास के नाम पर अगर देखा जाए तो अंबा मार्केट पहुंचकर अच्छी तरह देखा जा सकता है। कूड़े और गंदगी के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए चारों तरफ लगे हुए हैं



जिससे बहुत ही दुर्गंध आती है खट्टर सरकार से अंबा मार्किट के लोगों को यह उम्मीद नहीं थी कि हमें इस प्रकार अपना जीवन व्यतीत करना पड़ेगा अर्जुन धीमान ने कहा कि लोगों की समस्याएं को जल्दी से जल्दी दुरुस्त कराया जाए। जिससे अभी हाल में बरसात का सीजन शुरू होने वाला है और अंबा मार्केट की दुकानों में पानी अंदर घुस जाएगा और लोगों का बहुत ही जान माल का नुकसान हो जाएगा। खट्टर सरकार यदि लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं दे सकती तो मुख्यमंत्री को अपने नैतिकता के आधार पर जनता की हितों के ध्यान में रखते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। अर्जुन धीमान ने कहा कि 2019 में हुए चुनाव में भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ जो भी वादे किए थे उन्होंने कोई भी वादा पूरा नहीं किया न ही किसान मजदूर व्यापारी कर्मचारियों के हितों के लिए कोई कार्य किया नौजवान युवकों के लिए रोजगार का जो वादा किया था कोई भी वादा खट्टर सरकार ने पूरा नहीं किया। अर्जुन धीमान ने कहा कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर सभी लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जाएंगे। व्यापारी कर्मचारी किसान मजदूर उद्योगपति सभी के हितों का ध्यान रखा जाएगा नौजवान युवकों को रोजगार देने के लिए बड़े-बड़े उद्योग लगाए जाएंगे बुढ़ापा पेंशन ?6000 प्रति मास दी जाएगी। हर परिवार को 300 यूनिट बिजली भी फ्री दी जाएगी। एनडीसी परिवार पहचान पत्र बनवाने मैं हो रही दिक्कत को समाप्त कर दिया जाएगा इस मौके स्वर्ण सिंह हरजिंदर सिंह गोल्डी बंटी सुरेश गांधी पंकज कुमार राजेश शर्मा कुलदीप चोपड़ अनिल सिंगला गुलशन बहुत से लोग मौजूद थे।

## 40% भ्रष्टाचार पर लगी मुहर, कांग्रेस की बड़ी जीतः सतपाल शर्मा



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**कांग्रेस नेता सतपाल शर्मा ने कर्नाटक की जीत पर कर्नाटक की जनता और देश वासियों को बधाई दी। शर्मा ने कहा की आज जनता ने ये साबित कर दिया की बीजेपी देश की भ्रष्ट पार्टी हैं ।जो 40 प्रतिशत का मुद्दा चुनाव मे चला और जनता ने आज बीजेपी पर भ्रष्टाचार पार्टी की मोहर लगा दी ।शर्मा ने कहा की इस जीत का श्रेय कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी प्रियंका गांधी और राहुल गांधी को जाता है जिन्होंने इस चुनाव में जमकर प्रचार किया और भाजपा के भ्रष्टाचार को जनता के सामने लाने का कार्य किया। भाजपा ने एक बार फिर इस चुनाव में बेरोजगारी,महंगाई को दरकिनार करते हुए बजरंगबली को सामने लाकर चुनाव लड़ा।

## सूर्या स्कूल के प्रांगण में मातृ दिवस समारोह आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** सूर्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रांगण मे मातृ दिवस समारोह का आयोजन प्रधानाचार्य करमजीत कौर द्वारा किया गया ।
इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने सभी माताओं के सम्मान में दीप प्रज्जवलित किया उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक दीपक अंधकार को नष्ट कर देता है उसी प्रकार एक मां बच्चों के जीवन में आने वाली प्रत्येक समस्या रूपी अंधकार को नष्ट करती है इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी सभी छात्र छात्राओं ने कविता और नृत्य के द्वारा सब माताओं का मन मोह लिया नाटक लाडो ने खूब वाहवाही हासिल की। सभी माताओं के लिए म्यूजिकल चेयर और अन्य प्रतियोगिताएं करवाई गई।
विजेता माताओं को सम्मानित किया' कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल महोदया ने कार्यक्रम में पहुंचने के लिए सभी माताओं का धन्यवाद किया।

## गुरुकुलम क्लासिस का 10वीं और 12वीं का परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** गुरुकुलम क्लासिस शिक्षण संस्थान का 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भाँति उत्कृष्ट रहा गुरुकुलम क्लासिस के डायरेक्टर तथा समाजसेवी विनय सर ने बताया की विद्यार्थियों की मेहनत, लग्न और गुरुकुलम के अनुभवी, सुयोग्य शिक्षकों के निरंतर परिश्रम से सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों से पास हुए डायरेक्टर विनय सर ने बताया की पिछले 7 वर्षों से गुरुकुलम नित नयी नयी ऊंचाइयाँ छु रहा है।




चाहे समाज सेवा का काम हो या प्रकृति संरक्षण का, योग के प्रति जागृति या उच्च कोटि की शिक्षा देने का।
हर क्षेत्र में एक आदर्श नागरिक निर्माण में गुरुकुलम अग्रसर है चिराग 90% ,वेदिका 92%, मृदुल 85%, अभिषेक 80% , वंश 80%,समर्थ 91%, भावना 80%, कन्हैया 77%, अदिति , रिया , समृद्धि, प्रियंका , ध्रुव , कुश, मोहित, नक्श, इत्यादि सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों से पास हुए। अंत में संस्थान द्वारा सभी शिक्षकों और अभिभावकों और विशेषकर विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी गई।

## ओपी चौटाला ने सीएम के जनसंवाद कार्यक्रम पर किया कटाक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
**धनाना** गांव में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन संवाद कार्यक्रम पर जमकर कटाक्ष किए। उन्होंने सरकार से नौकरियों को लेकर लिस्ट जारी करने की मांग की। मीडिया से बातचीत में ओपी चौटाला ने कहा कि सीएम की कौन सुनता है। उनका तो उनके विधानसभा क्षेत्र में ही हेलिकॉप्टर नहीं उतरने दिया था। वर्तमान सरकार द्वारा सबसे अधिक नौकरी देने के दावे पर लिस्ट जारी करने की मांग की।

## कर्नाटक में करारी हार से देश में भाजपा की उल्टी गिनती शुरू- मलौर

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जसबीर मलौर ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा आम चुनाव में भाजपा को मिली करारी हार से साबित हो गया है कि जनता ने भाजपा और नरेन्द्रमोदी को नकार दिया है ।राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा के परिणाम आने आरम्भ हो गए है। मलौर अपने आवास पर कांग्रेस की जीत का जश्न मना रहे थे और उन्होंने लड्डू बांट कर पार्टी की जीत पर प्रसन्नता जाहिर की। कर्नाटक चुनाव से भाजपा की उल्टी गिनती आरम्भ हो गई है और 2024 के चुनावों में देश और हरियाणा में



भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है। उन्होंने दावा किया लोकसभा चुनाव में कर्नाटक की तर्ज पर देश में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलना तय है और हरियाणा में भी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी ।उन्होंने कहा कि कर्नाटक में भाजपा के साथ साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हार है क्योंकि प्रधानमंत्री ने इस चुनाव की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली थी। श्री मलौर ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में भाजपा ने केवल झूठे वायदों की राजनीति की है और इनके पास देश के विकास और जनकल्याण का कोई भी कार्यक्रम नही है। झूठ की राजनीति लम्बे समय तक नही चल सकती और अब देश के मतदाता भाजपा की वास्तविकता को समझ चुके है। उन्होंने कहा देश की जनता मॅहगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है और भाजपा के लोग धर्म, जाति और क्षेत्र के नाम पर जनता को बांटकर अपनी कुर्सी बचाने प्रयासों में लगी हुई है। समाज का हर वर्ग सरकार के तुगलकी फैसलों से परेशान है ।किसान, मजदूर, युवावर्ग, व्यापारी, कर्मचारी, खिलाड़ी, महिलाओं सहित सभी वर्ग निरतंर सरकार के विरुद्ध धरने प्रदर्शन कर रही है लेकिन भाजपा के नेता सत्ता के नशे में मदहोश है और किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है।

## नाबालिग से की अश्लील हरकत, मां से भी कर चुका रेप का प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
एक विधवा महिला की नाबालिग बेटी के साथ बुजुर्ग द्वारा छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। शनिवार को महिला थाना पुलिस ने उसकी मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ व पोस्को एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। एक विधवा महिला ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसके मकान की हालत जर्जर थी। हीरालाल नामक व्यक्ति की देखरेख में उसके मकान का निर्माण कार्य कराया गया था। आरोप है कि मकान के निर्माण कार्य की देख रेख के चलते हीरालाल का उनके घर आना-जाना शुरू हो गया।

## सिसाना की बेटी कोमल ने एनडीए में सफल होकर दिया



**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा-सोनीपत।** पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ्द कांग्रेसी नेता पदम सिंह दहिया ने सिसाना की बेटी कोमल दहिया के एनडीए में चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए कोमल व उनके परिजनों को बधाइयां दी। उन्होंने कहा कि कोमल ने ग्रामीण अंचल की बेटियों को प्रोत्साहन व प्रेरणा दी है कि वे ऊंची उड़ान भरें। बेटिया बड़े स्वप्न देखें और उन्हें साकार करने के लिए जी-तोड़ मेहनत करें। सिसाना में शनिवार को एनडीए में फ्लाईंग ऑफिसर के पद पर चयनित कोमल दहिया का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधायक पदम सिंह शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता नगर निगम के मेयर निखिल मदान ने की। पूर्व विधायक दहिया ने कोमल को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बेटियों ने हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत व क्षमता का लोहा मनवाया है। ऐसा कोई क्षेत्र शेष नहीं रहा जिसमें बेटियों ने नाम न कमाया हो। विपरीत परिस्थितियों व कम संसाधनों में भी बेटियों ने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया ने कोमल के पिता ललित दहिया तथा उनकी माता व अन्य परिजनों को विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि सेना में ऑफिसर के पद पर चयन होना गौरवमयी उपलब्धि है। कोमल ने अपने गांव ही नहीं अपितु पूरे जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह सबके लिए गर्व की बात है। ग्रामीण अंचल में रहने वाली बेटियों को कोमल से सीख लेते हुए आगे बढ?ा चाहिए। नियमित रूप से कठोर परिश्रम के सहारे कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। नगर निगम के मेयर निखिल मदान ने भी कोमल दहिया को बधाई व आशीर्वाद देते हुए कहा कि नि:संदेह यह बड़ी उपलब्धि है। ग्रामीण अंचल से निकलकर इस स्थान पर पहुंचना सरल कार्य नहीं है। इसके लिए जज्बा, मेहनत और नियमित अभ्यास की आवश्यकता है। कोमल ने उदाहरण प्रस्तुत किया है कि लक्ष्य को किस प्रकार से साधा जाता है। इस अवसर पर प्रेम दहिया, विजय दहिया, अंकित दहिया, प्रेम जांगड़ा, अजीत दहिया, विजेंद्र उर्फ ढिल्लू, इंद्रजीत दहिया, दीपक ठेकेदार, जगगी नंबरदार, मनोज दहिया आदि गणमान्य व्यक्तियों ने समारोह में शामिल होकर कोमल को आशीर्वाद दिया।

## महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत जिला** सोनीपत के गांव महलाना में एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन सोनीपत, द्वारा महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया ,जिसमें हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया ।महिलाओं को वित्तीय सशक्तिकरण के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि श्रीमती मोनिका चेयरपर्सन जिला परिषद सोनीपत एवं कार्यक्रम अध्यक्ष श्री अजय जी डी पी एम एच एस आर एल एम सोनीपत श्री सूर्यकान्त शर्मा मुख्य सलाहकार ऐम्फी एवं डा जयपाल जिन्दल ने दिप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया` अतिथियों का पुष्प गुच्छ दे कर एवं शाल उड़ा कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती मोनिका जी ने अपने संबोधन कहा कि आज के समय मे महिलाए दोहरी जिम्मेदारी निभा रही है। घर संभालने के साथ रोजगार भी करती है। अंत मे उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जानकारी सभी के लिए लाभदायक है विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के लिऐ कार्यक्रम के मुख्या वक्ता श्री सूर्यकांत शर्मा मुख्य सलाहकार, एसोसिएशन ऑफ म्यूअल फंड आफ इण्डिया ने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे अटल पेन्शन योजना, सुकन्या योजना एवं जन धन योजना के बारे में जानकारी दी



और समझाया की कैसे इन योजनाओं के माध्यम से वे लाभ उठा सकती हैं । उन्होंने कहा कि इस महामारी के समय ये योजनाएँ और भी लाभकारी सिद्ध हो रही है और समझाया कि हम सबको अपनी वित्तीय स्थिति एवं लक्ष्यों को ध्यान में रखकर ही निवेश करना चाहिऐ उन्होनें विभिन्न उदाहरणों के द्वारा महिलाओ को बचत और निवेश के बारे में समझाया और दोनों के बीच का अन्तर भी बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री अजय जी ने अपने उदबोधन में महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण , स्वरोजगार ,परिवार एवं समाज को आत्मनिर्भर बनाने में सहकारिता की उपयोगिता बारे विस्तार से बताया।
सम्माननीय अतिथि श्रीमती मोनिका सरपंच गांव महलाना ने समझाया कि महिला शिक्षा के माध्यम से परिवार एवं देश प्रगति के पथ बढ़ेगा उन्होंने ने अपने संबोधन में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए ऐम्फी प्रशंसा एवं धन्यवाद किया डा॰ जयपाल जिन्दल ने महिलाओं को वर्तमान समय में हो रहें वित्तीय छल-कपट से सावधान रहने की अपील की और विभिन्न प्रकार की पौन्जी एवं फ्राड स्कीमों के बारे में समझाया की कैसे इन स्कीमों में निवेश करने से हमारी मेहनत की कमाई लुट जाती है साथ ही इनसे बचने के लिए जरूरी उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में बचत करने और सही जगह निवेश करने के लिए प्रेरित किया। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की सोनीपत ब्लॉक प्रमुख श्रीमती पूजा जी ने महिलाओं को हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे मे जानकारी दी। उन्होने कहा कि साझा की गई जानकारी सब के लिए लाभदायक सिद्ध होगी कार्यक्रम के अंत मे उन्होनें सभी अतिथिगण का स्मृति चिन्ह दे कर धन्यवाद् किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पिछली सरकारों से डबल काम किया: सीएम

## गांव के तालाबों से निकलने वाली गाद किसान खाद के रूप में करें इस्तेमाल, गांव खैरेकां में जन संवाद कार्यक्रम के तहत लोगों से किया सीधा संवाद

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा/** चंडीगढ़, 13 मई- हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जिला सिरसा के गांव खैरेकां में जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतें गांवों में स्थित तालाबों की सफाई करवा कर उनकी गाद बाहर निकालें, जो गाद तालाबों से निकलेगी, किसान उस गाद को अपने खेत में खाद के रूप में इस्तेमाल कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के गांवों में 18 हजार तालाब हैं, इन तालाबों की सफाई पंचायतें अपने स्तर पर करवा सकती हैं। गाद निकलने के बाद किसान इस गाद को खाद के रूप में इस्तेमाल करने के लिए ग्राम पंचायत से ले सकते हैं। गांवों में सफाई व्यवस्था पंचायतें अपने स्तर पर देखें और इसमें ग्रामीणों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने लोगों के

**▶▶ गांवों में 18 हजार तालाब हैं, इन तालाबों की सफाई पंचायतें अपने स्तर पर करवा सकती हैं**

कल्याण के लिए अनेक नीतियां बनाई है, उनका लोगों को लाभ पहुंच रहा है या नहीं, इसको जानने के लिए जनता से जनसंवाद का कार्यक्रम बनाया गया है। लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकारी सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है।

**गांव खैरेकां में वाटर वर्क्स के कार्य में तेजी लाकर जल्द किया जाएगा पूरा:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गांव खैरेकां में सवा दो करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे वॉटर वर्क्स के काम में तेजी लाकर इसे जल्द पूरा करवाया जाएगा। इसके अलावा



गांव के खेतों में सिंचाई के लिए अबूदगढ डिस्ट्रीब्यूटरी व सुखचैन डिस्ट्रीब्यूटरी पर रिमॉडलिंग का काम करवाया गया है, जिससे किसानों को पर्याप्त मात्रा में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि गांव खैरेकां का भूमि जल स्तर गिर रहा है, इसलिए किसान पानी की बचत करें और सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को अपना कर खेती करें। किसान बरसात के समय में अपने बोरवेल के माध्यम से पानी को रिचार्ज भी कर सकते हैं।

**स्कूलों में नहीं रहने दी जाएगी अध्यापकों की कमी:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अध्यापकों की कमी को जल्द पूरा कर लिया जाएगा। जिन स्कूलों में अध्यापकों की कमी है, उन्हें आगामी तीन माह में पूरा कर दिया जाएगा। गांव खैरेकां के राजकीय उच्च विद्यालय को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अपग्रेड करने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 9वीं व 10वीं में

### गांव खैरेकां के 171 लोगों ने आयुष्मान योजना का लिया लाभ

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने आयुष्मान योजना को गरीबों के लिए वरदान व कारगर बताते हुए कहा कि इस योजना का लाभ गरीबों को मिल रहा है। गरीबों को 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के तहत गांव खैरेकां के 171 लोगों ने अपना उपचार करवा कर लाभ उठाया है। लोगों को 24 लाख 40 हजार रुपये का उपचार मुफ्त किया गया है।

मुख्यमंत्री ने उपचार ले चुके मरीज चमेली व गौरव के परिजनों से भी संवाद किया और पूछा कि उन्हें इस योजना के तहत कोई पैसा तो नहीं देना पड़ा। मरीजों के परिजनों ने बताया कि इस योजना के तहत उपचार के लिए कोई पैसा नहीं देना पड़ा।

**पीपीपी के तहत बनाए जा रहे राशन कार्ड:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के साथ राशन कार्ड को जोड़ा गया है, जिन परिवारों ने अभी तक परिवार पहचान पत्र नहीं बनवाए हैं, वे इसे अवश्य बनवाएं। जनसंवाद कार्यक्रम में दो महिलाओं ने परिवार पहचान पत्र न बनने की बात रखी, इस पर मुख्यमंत्री ने उपायुक्त व एसडीएम को निर्देश दिए कि तीन दिनों में परिवार पहचान पत्र बनाने की कार्यवाही पूर्ण करके इस योजनाओं का लाभ दिलवाया जाए। उन्होंने बताया कि पहले गांव खैरेकां में 340 राशन कार्ड थे, जो राशन ले रहे थे, अब नई व्यवस्था के तहत हमारी सरकार ने 628 राशन कार्ड धारक योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# सीएम ने कालांवाली को दी साढ़े 47 करोड़ से अधिक की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कालांवाली विधानसभा क्षेत्र से संबंधित 47 करोड़ 61 लाख 23 हजार रुपये से अधिक की 7 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें 32 लाख 58 हजार रुपये की एक परियोजना का उद्घाटन व 47 करोड़ 28 लाख 65 हजार रुपये की 6 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने बीडीपीओ कार्यालय बड़ागुढा में गांव झोरडयोही में 32 लाख 58 हजार रुपये की लागत से नवनिर्मित सरकारी पशु चिकित्सालय का लोकार्पण किया। इसके अलावा 12 करोड़ 93 लाख रुपये की लागत से खंड बड़ागुढा में बनाए जाने वाले 11 वाटरकोर्स के रिमॉडलिंग व पुनर्वास कार्य, 2 करोड़ 7 लाख 64 हजार रुपये की लागत से गांव बप्प के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बनने वाले आठ

**▶▶ एक करोड़ 17 लाख 79 हजार रुपये की लागत से गांव बरुवाली प्रथम व मानखेड़ा पंजाब सीमा तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया**

अतिरिक्त कमरे, लैब, शौचालय व कॉफ्रेंस हॉल तथा एक करोड़ 17 लाख 79 हजार रुपये की लागत से गांव बरुवाली प्रथम व मानखेड़ा पंजाब सीमा तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। साथ उन्होंने कालांवाली के अंबेडकर भवन में 4 करोड़ 59 लाख 92 लाख रुपये की लागत से बीएमबी आरडी 322625 पर पुनः बनने वाले सिंगल स्पेन स्टील ब्रीज के कार्य, एक करोड़ 50 लाख 30 हजार रुपये की लागत से गांव देसू मलकाना से ग्याना पंजाब तक बनने वाली लिंक रोड़ के कार्य व 25 करोड़ रुपये की लागत से लोक निर्माण विभाग के विभिन्न 28 विशेष मरम्मत के कार्य का शिलान्यास किया।

# ग्रामीण क्षेत्र का विकास सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शुमार : दुष्यंत चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शुमार है और इसी कड़ी में नरवाना हलके में भी विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि नरवाना विधानसभा क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांव को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न योजक सड़कों के निर्माण, विस्तारीकरण तथा नवीनीकरण पर दस करोड़ रूपए से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने शनिवार को जींद जिला के गांव पिपलथा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित ग्रामीण जनसभा को सम्बोन्धित करते हुए उक्त विचार वक्त किए।
उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग से उझाना- पिपलथा सड़क निर्माण करवाया जाएगा, करीब चार किलोमीटर लम्बी इस सड़क पर दो करोड़ 25 लाख रूपए की लागत आएगी। इसके अलावा अढ़ाई किलोमीटर लम्बी पिपलथा से गढ़ी योजक सड़क का भी 62 लाख रूपए खर्च कर नवीनीकरण किया जाएगा। साथ ही पिपलथा से पंजाब बॉर्डर तक सवा तीन किलोमीटर लम्बी सड़क नवीनीकरण के टेंडिरिंग प्रक्रिया हो चुकी है। उपमुख्यमंत्री ने आगे बताया कि कालवन-



**▶▶ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित ग्रामीण जनसभा को सम्बोन्धित करते हुए उक्त विचार वक्त किए।**

महासिंहवाला, नारायणगढ़-गुलाडी, रसीदा सहित तमाम योजक सड़कों का पुर्ननिर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज सभी योजक सड़कों का उद्घाटन किया गया है और अगले करीब तीन महीनों इन सड़कों का नवीनीकरण व निर्माण पुरा कर लिया जाएगा। दुष्यंत चौटाला ने पंचायत द्वारा जमीन उपलब्ध करवाने पर गांव में ग्राम सचिवालय तथा सामुदायिक केन्द्र के निर्माण का आश्वासन भी दिया।
उन्होंने स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को यथाशीघ्र प्रपोजल बनाने के लिए कहा। साथ ही स्कूल में सोलर की व्यवस्था तथा कमरा उपलब्ध करवाने पर ई- लाईब्रेरी बनाने की घोषणा भी की।
उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गत साढ़े तीन साल से ग्रामीण एवं गरीब का कल्याण के लिए उनका निरन्तर प्रयास रहा है ताकि शहर की तर्ज पर गांवों में भी अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर ई- लाईब्रेरी, ग्राम सचिवालय, व्यामशलाएं, पार्क, स्टेडियम तथा सामुदायिक केन्द्रों का निर्माण करवाना ग्रामीण विकास की दिशा में अच्छी शुरूआत है। इससे पहले , जींद जिला के ही गांव ढ़ाकल में उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि दो करोड़ 17 लाख रूपए की लागत से गांव के तालाब का सौंदर्यकरण करवाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्य को बरसाती सीजन से पहले पूरा करने का प्रयास करें।

# 15 हजार लोगों की मौजूदगी में आज राज्यपाल करेंगे कैनविन आरोग्य

## कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल ने पत्रकार वार्ता में दी कई अहम जानकारियां

**सिद्धार्थ राव, गुरुग्राम।** गुरुग्राम की जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने के उद्देश्य से कैनविन फाउंडेशन के कैनविन आरोग्य धाम (मल्टीस्पेशलिटी चैरिटेबल हेल्थ केयर सेंटर) का रविवार 14 मई 2023 की सुबह 09:30 बजे हरियाणा के महामहिम राज्यपाल लोकार्पण करेंगे। नवीन गोयल ने गुरुग्राम की जनता से अपील की है कि समारोह में आने वाले सभी अतिथियों के बहुमूल्य वचन सुनकर जाएं। कैनविन आरोग्य धाम के भव्य लोकार्पण समारोह को लेकर शनिवार को कार्यक्रम स्थल पर पत्रकारों से बात करते हुए कैनविन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने अपनी माता जी स्व. श्रीमती अंगूरी देवी का स्मरण करते हुए कहा कि कैनविन के रूप में बड़ा हो रहा पौधा उनकी




माता जी की सोच का फल है। भले ही वे स्वयं कैंसर से जूझकर दुनिया से विदा हो गईं, लेकिन उनकी आम और गरीब आदमी के उपचार के लिए नेक सोच को हमने आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि इस समारोह के लिए पिछले करीब एक सप्ताह से गुरुग्राम में उनके करीबियों, कार्यकताओं ने डोर-टू-डोर निमंत्रण पत्र भेंट किए। इस समारोह में करीब 15 हजार लोगों की उपस्थिति रहेगी। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की जनता हमारे लिए सर्वोपरि है। उनकी सेहत का ख्याल रखने के लिए ही कैनविन आरोग्य धाम की शुरूआत की जा रही है। कैनविन पॉलीक्लीनिक से शुरूआत करने के बाद अब यह कैनविन आरोग्य धाम शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में कैनविन की शुरूआत की गई थी। गुरुग्राम की जनता के लिए कैनविन पॉलीक्लीनिक की नींव सेक्टर-38 से रखी गई। तत्पश्चात जनता की मांग पर ही अलग-अलग क्षेत्रों में पॉलीक्लीनिक शुरू किए गए। आज गुरुग्राम में चार पॉलीक्लीनिक संचालित किए जा रहे हैं और रोजाना सेंकड़ों लोग इनमें अपना उपचार करा रहे हैं। पॉलीक्लीनिक के बाद अब कैनविन आरोग्य धाम बनाया है, ताकि लोगों को सस्ता व अच्छा उपचार एक छत के नीचे दिया जा सके। नवीन गोयल ने कहा कि यहां सभी बड़े टेस्ट भी होंगे। पैट सीटी कैंसर का टैस्ट होता है, जो दूसरे अस्पताल में 27 हजार रुपये से लेकर 32 हजार रुपये तक में किया जाता है। कैनविन आरोग्य धाम में यह टैस्ट मात्र 9000 रुपये में किया जाएगा। इसी तरह से अन्य टैस्ट सुविधाएं भी नाममात्र कीमत में दी जाएंगी। कैनविन आरोग्य धाम शुरू करने का उनका उद्देश्य पैसा कमाना नहीं है, बल्कि अपनी नेक कमाई में से जनता की सेवा करना है। नवीन गोयल ने गुरुग्राम की जनता से आह्वान किया है कि वे इस कैनविन आरोग्य धाम के ऐतिहासिक लोकार्पण समारोह में पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी का पावन सानिध्य रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुग्राम की पूर्व सांसद, संसदीय बोर्ड सदस्य एवं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य डा. सुधा यादव करेंगे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांतीय सह-संघचालक माननीय प्रताप जी अति विशिष्ट अतिथि होंगे।

## ग्रामीण क्षेत्र में भी शहरी क्षेत्रों की तर्ज पर सभी सुविधाएँ दी जा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में भी शहरी क्षेत्रों की तर्ज पर सभी सुविधाएँ दी जा रही हैं। उन्होंने आज हिसार जिला के गांव गंगवा, आर्यनगर तथा कैमरी को जल्द ही महाग्राम योजना में शामिल कर यहां सभी सुख-सुविधाएं उपलब्ध करवाने की बात कही। गंगवा ने

# मदर्स डे को बड़े जोर शोर के साथ मनाया बिरला इंटरनेशनल स्कूल में

**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
शनिवार को खरखौदा के बिरला इंटरनेशनल स्कूल खरखोदा मैं मदर्स डे को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।भारतीय परंपरा के अनुसार समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन से की गई विद्यालय प्रबंधक कुलदीप दहिया विद्यालय निदेशक प्रवीण डागर विद्यालय प्राचार्य दिनेश शर्मा ने विद्यालय परिसर में पहुंची बच्चों की माताओं के साथ सरस्वती माता की वंदना करते हुए दीप प्रज्वलित किया। विद्यालय की जान कहीं जाने वाले प्री प्राइमरी की अध्यापिका शकुंतला ने विद्यालय में आए हुए सभी अभिभावकों स्वागत तहे दिल से किया और अपना कीमती समय निकालकर यहाँ आने के लिए सभी का धन्यवाद किया।
स्कूल की प्राइमरी प्रबंधिका अनु ने बताया कि माँ एक ऐसा शब्द है



जिसका वर्णन शब्दों में कर पाना लगभग असंभव है। इसके पश्चात नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने नृत्य से अभिभावकों को ही नहीं अपितु सभा में उपस्थित सभी सदस्यों को मोहित कर दिया। शिक्षिका आकृति ने बताया कि एक शिक्षिका का कर्तव्य भी एक मां से कम नहीं होता और एक अध्यापक अपने बच्चों से हमेशा एक मां की तरह ही प्रेम करता है इसके पश्चात केजी कक्षा के छोटे-छोटे बच्चों ने अपने नृत्य से सभी सदस्यों को मानो मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय प्राचार्य दिनेश शर्मा ने बताया कि एक मां का प्रेम दुनिया में सबसे ज्यादा और विश्वसनीय होता है एक मां ही होती है जो अपने बच्चे से बिना किसी स्वार्थ के प्रेम करती हैं और हमेशा उसके साथ ढाल बनकर खड़ी रहती है।
विद्यालय प्रबंधक कुलदीप दहिया ने केक काटकर मदर्स डे के उपलक्ष में बच्चों के साथ अपनी खुशियां बांटी उन्होंने बताया कि एक सच्चा विद्यार्थी वही होता है जो अपने माता-पिता का हर कदम पर सम्मान करता है यदि शिक्षा का सही अर्थ समझना है तो जीवन के किसी भी मोड़ पर मां का दिल नहीं दुखाना चाहिए। बिरला इंटरनेशनल स्कूल खरखौदा में मदर्स डे के उपलक्ष में जो समारोह आयोजित किया गया था उसमें बच्चों ने ही नहीं बल्कि उनकी माताओं ने भी अनेक खेलों में मैं अपनी भागीदारी दर्ज की। जिसमें प्री नर्सरी में पढ़ने वाले युवांस की मां ने बिंदी पेंटिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान कीर्ति की माँ पूजा रानी ने दूसरा और सानवी की मम्मी सुषमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ

Ultra Modern Facilities Available
- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच



आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे
DR RV SINGH (MBBS/ MS)
RVS EYE CENTER
Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre
BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606
MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES



## न्यूज फ्लैश

### छात्रा की मृत्यु पर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने गांव रसोई पहुंचे विधायक मोहनलाल बड़ौली

**सोनीपत:** विधायक मोहनलाल बड़ौली शनिवार को छात्रा की मृत्यु पर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने गांव रसोई पहुंचे। उन्होंने छात्रा के परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वे उनके साथ खड़े है। 12 मई को सीबीएसई द्वारा जारी 12वीं कक्षा के परिणाम नंबर कम आने पर गांव रसोई की रहने वाली छात्रा रेशम(बदला हुआ नाम) ने घर में ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। विधायक ने कहा कि बच्चों को परीक्षा में नंबर कम आने पर घबराना नहीं चाहिए बल्कि अगली परीक्षाओं के लिए और अधिक मेहनत करनी चाहिए, क्योंकि नंबर कम आना हमारी योग्यता का निर्धारण नहीं करता। उन्होंने कहा कि बच्चों के माता-पिता को नंबरों के प्रति बार-बार बच्चों को हत्तोत्साहित नहीं करना चाहिए। हर बच्चा कोई न कोई विशेष योग्यता रखता है। परिजनों को चाहिए कि वो अपने बच्चों की तुलना दूसरे बच्चों के साथ करने की अपेक्षा अपने बच्चे की योग्यता अनुसार उसे शिक्षा प्रदान करे, ताकि भविष्य में बच्चा अपनी योग्याताओं को निखार कर समाज का जिम्मेदार नागरिक बन सके।

### कर्नाटक की जीत लोकतंत्र की जीत: एडवोवेट मनोज गोहाना

**सोनीपत**/आज गोहाना की पुरानी अनाज मंडी में कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा कांग्रेस के एडवोकेट मनोज गोहाना ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई। मनोज गोहाना ने कहा यह जीत लोकतंत्र की जीत है कर्नाटक की जनता की जीत है तानाशाही सरकार के खिलाफ कर्नाटक की जनता ने पूर्ण बहुमत देकर यह साबित कर दिया है कि तानाशाह सरकार के खिलाफ लोगों ने अपना मत देकर पूर्ण बहुमत देने का काम किया है ' कर्नाटक में प्रचंड बहुमत मिलने से यह साबित हो गया है कि 2023 व 2024 में जितने भी विधानसभा व लोकसभा चुनाव होंगे उन सभी प्रदेश और देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनना तय है। यह जीत कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मिलकर कांग्रेस पार्टी को जिताने का काम किया है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं.: 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं.: 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं.: 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं.: 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं.: 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं.: 98117 14343)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं.: 9671232478)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं.: 94162 71181)

# सडकों का सुदृढ़ीकरण करने में जुटा निगम: अभिषेक

## वार्ड-9 की मुख्य डिवाइडिंग सडक तथा क्रिकेट ग्राउण्ड को जाने वाली लिंक रोड का सुदृढ़ीकरण कार्य पूरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम भिन्न-भिन्न** वार्डों में मौजूद सडकों का सुदृढ़ीकरण करके जनता का सफर आसान बनाने में लगा है। इसके तहत वार्ड 9 की, कुंजपुरा रोड से सामुदायिक केन्द्र को जाने वाले मार्ग को सुदृढ़ करके उसे डिवाईडिंग रोड बनाया गया है। इस सडक पर साढे 600 मीटर तक वाटर बाउंड मैकेडम (डब्ल्यूबीएम), डेंस बिटुमिन मैकेडम (डीबीएम) और बिटूमिनस कंक्रीट (बीसी) के कार्य किए गए हैं, इन पर अनुमानित 1 करोड़ 8 लाख रुपए की राशि खर्च हुई है। जेबरा क्रॉसिंग और सफेद पट्टद्दी लगाने का काम जल्द ही किया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि इसी मार्ग से सेक्टर-9 क्रिकेट ग्राउण्ड की ओर से जाने वाली लिंक रोड पर भी करीब 900 मीटर तक बिटुमिनस कंक्रीट की लेयर



बिछाई गई है, जिस पर अनुमानित 27 लाख रुपए की राशि खर्च की गई है।

**⏩ सडक पर साढे 600 मीटर तक वाटर बाउंड मैकेडम (डब्ल्यूबीएम), डेंस बिटुमिन मैकेडम (डीबीएम) और बिटूमिनस कंक्रीट (बीसी) के कार्य किए गए हैं**

इसी प्रकार इसी वार्ड में पड? वाले सेक्टर-7 की पैरीफेरी को सुदृढ़ बनाने का काम भी प्रगति पर है, जिसमें करीब 2200 मीटर लम्बी सडक को सुदृढ़ बनाया जाएगा। इसमें डी.बी.एम. की लेयर का काम मुकम्मल हो गया है, जबकि बिटुमिनस कंक्रीट की लेयर डालने का काम शुरू हो गया है। यह कार्य अगले 3-4 दिनो में मुकम्मल हो सकता है। इसी कार्य में 10 से 12 ऐसी जगहें चिन्हित की गई थी, जहां सडक किनारे पानी रूक जाता था। इसका समाधान करने के लिए सडक के नीचे से स्टोरम वाटर लाईन डालकर उसे दूसरी साईड में मेन लाईन से जोड़ दिया गया है। इन कार्यों पर अनुमानित 1 करोड़ 27 लाख रुपए की राशि खर्च होगी।

निगमायुक्त ने बताया कि इसके बाद वार्ड 8 में सडकों की मरम्मत करने का काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा नर्सिंग होम से पंडित चिरंजी लाल महाविद्यालय तक सडक का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। सेक्टर-14 की सडकों का भी सुदृढ़ीकरण होगा। इसके अतिरिक्त वार्ड-11 के अंतर्गत आने वाले मॉडल टाऊन एरिया की खराब सडकों को सुदृढ़ बनाया जाएगा। वार्ड 13 में पड? वाली जनता मंडी की सडकें भी सुदृढ़ की जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि शहर के अन्य वार्डों में भी क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत करके उन्हें आवागमन के लिए सुगम बनाया जाएगा।

## राष्ट्रीय महिला मोर्चा कार्यालय प्रमुख के निधन पर जताया शोक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**भाजपा** जिला कार्यालय कर्ण कमल में जिला कार्यकारिणी महिला मोर्चा की बैठक हुई, जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा व हरियाणा प्रदेश प्रभारी नंदा दागला, व प्रदेश अध्यक्ष सुनीता डांगी ने शिरकत की। बैठक के दौरान दुखद समाचार प्राप्त हुआ कि पंचकूला से राष्ट्रीय महिला मोर्चा की कार्यालय प्रमुख बहन रश्मी शर्मा का निधन हो गया है। इस मौके पर उनकी आत्मिक शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया।
ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त



परिजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की। बैठक में महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री मीना चौहान, महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा मीनाक्षी भिंडर, जिला महामंत्री नीरू सैनी, जिला उपाध्यक्षा प्रियंका काठपाल, अनिता जोशी, जिला सचिव मंजू खैंची, जिला उपाध्यक्ष रजनी परोचा और सोनिया पंडित सहित अन्य मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए गए 16543 मामले: जसबीर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य न्यायिक** दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने 13 मई को सेशन डिवीजन, करनाल में वर्चुअल प्लेटफॉर्म/वीडियो कॉलिंग के माध्यम से और लोक अदालतों की 9 बेंचों का गठन कर भौतिक उपस्थिति में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया। स्थायी लोक अदालत की बेंच सहित, लंबित मामलों से निपटने के




लिए जनोपयोगी सेवाओं के साथ-साथ दुर्घटना के दावों, चेक बाउंस, बैंक वसूली, जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित सिविल विवादों और यहां तक कि कंपाउंडेबल अपराधों के आपराधिक मामलों सहित पूर्व सीमा स्तर पर मामलों से निपटने के लिए, जिनमें घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित शामिल हैं। सीजेएम ने बताया कि लोक अदालत विवादों के निपटारे के प्रभावशाली तरीकों में से एक है। लोक अदालतों में आपसी सहमति से विवादों का निपटारा किया जाता है। 'सभी के लिए न्याय तक पहुंचइ के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एडीआर तंत्र को बढ़ावा देना काफी महत्वपूर्ण है। लोक अदालत को स्थायी और सतत प्रक्रिया बनाने के लिए सत्र न्यायालय, संभाग, करनाल में पूर्व लोक अदालतों का भी आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत आंदोलन का प्राथमिक उद्देश्य सभी के लिए 'न्याय तक पहुंचइ के आदर्श को बढ़ावा देने, खर्च और देरी से बचना है। दूसरे शब्दों में, लोक अदालत प्रणाली सस्ता, सरल, त्वरित और सुलभ न्याय प्रदान करना चाहती है। बड़े पैमाने पर लोक अदालतों को प्रोत्साहित करने की वांछनीयता और आवश्यकता पर कोई विवाद नहीं है।

## विदेशी लोग भी योग को कर रहे हैं फॉलो: दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**दिनेश** गुलाटी ने मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत देश विदेश में योग को अलग पहचान दिलाई है। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के बाद अब विश्व को स्वस्थ करने के उद्देश्य से उन्होंने इंडोनेशिया के जकार्ता में दूसरे दिन योगाभ्यास करवाया। योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने और पहचान बनाने में वे महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं।
दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग भारत की संस्कृति का हिस्सा रहा है, जो आज विदेश तक फैल रहा



है। आज विदेशी लोग भी योग को फॉलो कर रहे हैं। खुद को स्वस्थ रखने के लिए प्रातः उठकर योग कर रहे हैं। उन्होंने कई तरह के योगिक क्रियाओं, आसनों और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। उन्होंने योग का प्रचार प्रसार करते योग के फायदों के प्रति जागरूक किया और विदेशियों को योग सिखाया।

## करनाल में शनिवार को मिले कोरोना के दो नए मामले: डॉ. योगेश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सिविल सर्जन** डॉ.योगेश कुमार ने बताया कि शनिवार को जिला में कोरोना के 2 नये पॉजिटिव केस मिले हैं, जबकि 4 व्यक्ति ठीक हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1090622 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 250 सैंपल लिए गए। लिये गए कुल सैंपलों में से अब तक 50726 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 50099 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस के 23 एक्टिव पॉजिटिव केस हैं।

## भगवत गीता ही सबसे बड़ा उपहार है: स्वामी ज्ञानानंद जी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गीता मनीषी** महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि भगवत गीता ही सबसे बड़ा उपहार है और हमें खुशियों के मौके पर एक-दूसरे को गीता ही उपहार के रूप में भेंट करनी चाहिए। देश-दुनिया में गीता का संदेश पहुंचाने वाले स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज शनिवार को श्रीकृष्ण कृपा धाम सेक्टर नौ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार 15 मई को शाम सात बजे से करनाल के सेक्टर-12 हुडा मैदान में श्री कृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव 'श्री राधा जागरणइ मनाएगा।
स्वामी ज्ञानानंद जी ने बताया कि श्री राधा जागरण में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को पूजनीय संत महात्माओं का आशीर्वाद मिलेगा। कार्यक्रम में पूज्य श्री कासनी गुरुशरणानंद जी महाराज रमनरेती वाले, महामंडलेश्वर अवधेशानंद जी महाराज जूनापीठाधीश हरिद्वार, पूज्य श्री साध्वी दीदी ऋतंबरा जी वृंदावन व पूज्य श्री ज्ञानानंद जी महाराज भानूपुरापीठाधीश सहित देश-विदेश से संत महात्मा शिरकत करेंगे। भजन गायक के रूप में नंद किशोर नंदु व निकुंज कामरा को आमंत्रित किया गया है। राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों को भी न्यौता दिया गया है। इनमें मुख्य रूप से लोकसभा



अध्यक्ष ओमप्रकाश बिरला, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा व अन्य हस्तियां शामिल हैं। स्वामी ज्ञानानंद जी ने कहा कि विश्व के कई देशों की सरकारों ने भागवत गीता को स्वीकार करते हुए संसदों में गीता को विराजमान किया है। हाल ही में आस्ट्रेलिया की संसद में गीता जी को विराजमान किया गया। गीता जी की शिक्षाओं का अनुसरण करने वाले हर व्यक्ति के लिए यह गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि गीता जी का संदेश घर-घर तक पहुंचाने के लिए श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि खुशियों के मौके पर गीता जी को उपहार के रूप में भेंट कर गीता के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। श्री राधा जागरण में सभी भक्तों के लिए श्री राधा रानी की रसोई के साथ-साथ ब्लड कैंप जैसी सेवाओं का भी आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में 20 हजार से ज्यादा लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

## केंद्र सरकार की सुरक्षा बीमा योजनाओं का लाभ उठाएं आम नागरिक : अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश यादव** ने आम नागरिकों से केंद्र सरकार की ओर से क्रियान्वित की जा रही विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आम नागरिक नाममात्र राशि में अपना बीमा करवा सकते हैं। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के फार्म हर एक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक

**⏩ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के फार्म हर एक बैंक व डाकघर में उपलब्ध है**

प्रीमियम जमा करवा कर 2 लाख रुपए तक का बीमा होता है।

उपायुक्त ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीम चलाई हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है। योजना के तहत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा करवाना होता है तथा इससे 2 लाख रुपए के जीवन बीमा का संरक्षण मिलता है। उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक दुर्घटना बीमा योजना है। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष तक के नागरिक अपना दुर्घटना बीमा करवा सकते है। केवल 20 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर इस योजना में 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा संरक्षण प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि इन बीमा योजनाओं का प्रीमियम उपभोक्ता के बैंक या डाकघर खाते में से ऑटो डेबिट होता है तथा दावे की राशि संबंधित के बैंक खाते में सीधे जमा हो जाती है। इन योजनाओं में नामांकन करवाने के लिए अपने नजदीकी बैंक शाखा अथवा डाकघर से सम्पर्क करें।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिले के** थाना महिला गोहाना की पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी राहुल पुत्र रामफल निवासी गढ़ी सराय नामदार खां गोहाना जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 13 अप्रैल को जिला सोनीपत निवासी एक महिला ने थाना महिला गोहाना में शिकायत दी थी कि राहुल पुत्र रामफल निवासी गढ़ी सराय नामदार खां गोहाना जिला सोनीपत ने मेरी नाबालिग लड़की के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना महिला गोहाना में अभियोग दर्ज किया गया था। थाना महिला गोहाना की प्रबंधक निरीक्षक सुदेश ने अपनी पुलिस टीम के साथ नियमानुसार कार्यवाही करते हुये न्यायालय के आदेशानुसार मजिस्ट्रेट के सामने कथन अंकित करवाकर महिला विशेषज्ञ से काउंसलिंग करवाई गई। दूसरी और पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुये घटना मे संलिप्त आरोपी राहुल पुत्र रामफल निवासी गढ़ी सराय नामदार खां गोहाना को गिरफ्तार किया है।

## सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन, 1 गिरफ्तार

**सोनीपत: जिले के** थाना शहर गोहाना की पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियारो का प्रदर्शन करने की घटना मे संलिप्त एक और आरोपी को गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी राजबीर पुत्र बालकिशन निवासी बोहर रोहतक का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि इंस्ट्राग्राम व फेसबुक की आई डी पर हथियारे सहित फोटो खीचकर अपलोड किए जाने की शिकायत पर साइबर सेल सोनीपत के माध्यम से सोशल मीडिया पर हथियारो का प्रदर्शन करने बारे जांच अमल में लाई गई थी` जांच उपरान्त इस घटना पर शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत थाना शहर गोहाना में अभियोग दर्ज किया गया था।

## नशा मुक्ति केंद्र के संचालक की हत्या की घटना में संलिप्त एक आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/**
**जिले के** थाना खरखोदा की पुलिस ने हत्या की घटना मे संलिप्त एक और आरोपी को गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी अंकुर उर्फ भोली पुत्र हवासिंह निवासी चमनपुरा प्रेम नगर चौक रोहतक का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 31 दिसम्बर 2022 को राजेश पुत्र दरियाव सिहँ गांव झिझौली, जिला सोनीपत ने थाना खरखोदा में शिकायत दी थी कि मेरा भाई नशा मुक्ति केंद्र का संचालक है और आज सुबह करीब 07.00 बजे मैं घुमकर वापिस अपने घर जा रहा था तो प्रदीप पुत्र कपुर सिह वासी गोपालपुर जो कि केन्द्र मे अपना इलाज करवा रहा था मिला औ? प्रदीप ने मुझे बताया कि ह्ल आजाद, विवेक, जितेन्द्र, विशाल, साहिल, सुशील, अंकुर व बब्लु वासी गंगाना ने रात को राकेश की हत्या कर दी और राकेश की दोनो गाडियां थार व वरना में सवार होकर भाग गये और जाते-2 नशा मुक्ति केन्द्र का सारा रिकार्ड अपने साथ ले गये और केन्द्र मे लगे सी.सी.टी.वी. कैमरा की डी.वी.आर भी साथ ले गए। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना खरखोदा में अभियोग दर्ज किया गया था। अनुसंधान टीम मे नियुक्त रक अशोक ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियो की खोजबीन करते हुये घटना मे संलिप्त सात आरोपियों साहिल, विशाल, संदीप, सुरेंदर, विवेक, सुशील व जितेंदर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब घटना में संलिप्त एक और आरोपी अंकुर उर्फ भोली पुत्र हवासिंह निवासी चमनपुरा प्रेम नगर चौक रोहतक को भी गिरफ्तार किया है। गिरफतार आरोपी को न्यायालय मे पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## संपादकीय

# पाकिस्तान में मार्शल लॉ लगने के आसार

**पाकिस्तान** नागरिक विद्रोह की आग में जल रहा है' यह इतिहास में पहली बार हुआ है कि पाकिस्तान में सेना और आम नागरिक आमने-सामने हैं. इमरान खान को कई केसों में जेल भेज कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर छोड़ना पड़ा, पर इमरान पूरी तरह से अभी छूटे नहीं है' इमरान की गिरफ्तारी में उनके समर्थकों ने सड़क पर आकर जो तोड़फोड़ और सरकारी संपत्ति का नुकसान किया है उस घटना ने पाकिस्तान को 20 साल पीछे धकेल दिया है' शहवाज शरीफ की सरकार बुरी तरह से घबराई हुई है और वहां के सेना के जनरल मुनीर मार्शल लॉ लगाने की तैयारी में है' यह उल्लेखनीय है कि सेना के 6, 7 कमांडर इमरान खान के खुले समर्थक हैं इस स्थिति में मार्शल ला लगना भी संभावित नहीं दिखाई दे रहा है'

पाकिस्तान पहले से ही परेशान, कर्ज में डूबा हुआ और महंगाई, बेरोजगारी से बुरी तरह त्रस्त रहा है' शहबाज शरीफ सरकार के पास शासन चलाने के लिए पर्याप्त धनराशि भी नहीं है' शरीफ के पास सरकार चलाने का पर्याप्त अनुभव भी नहीं है' 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद पाकिस्तान सरकार में 18 प्रधानमंत्रियों में से एक प्रधानमंत्री भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है ।करेला ऊपर से नीम चढ़ा पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पाकिस्तानी सेना और शाहबाज शरीफ सरकार की नाक में दम कर रखा है। रावलपिंडी में इमरान खान पर गोली दागने से क्रोधित समर्थकों ने कई जगह सेना पर आक्रमण कर मेजर जनरल, गृहमंत्री राणा और प्रधानमंत्री के निवास को घेरकर तोड़फोड़ की है। इमरान खान के समर्थक अब रावलपिंडी से इस्लामाबाद तक लोंग मार्च करेंगे और सेना तथा सरकार का खुलकर विरोध करने वाले हैं। 1947 से स्वतंत्रता के बाद यह पहली बार हुआ जब सेना के विरुद्ध पाकिस्तानी आवाम खुलकर विद्रोह करने पर आमादा है। ऐसा लगता है कि वहां सरकार तथा सेना के विरुद्ध आम नागरिकों का विद्रोह हो जाएगा। पहली बार सेना के जनरल मुनीर की की सेना आवाम से डरी दिखाई दे रही है, पाकिस्तान विद्रोह की ज्वालामुखी कर बैठा है कभी भी विस्फोटक स्थिति बन सकती है। यह तथ्य सार्वजनिक है कि पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा शागिर्द देश है। अमेरिका ने इसी के फल स्वरुप पाकिस्तान को सबसे संदिग्ध एवं खतरनाक आतंकवादी देश घोषित कर दिया है। इस बात से तिलमिलाकर शहबाज शरीफ चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं वहां वह आपसी संबंधों को फिर से सुधारने तथा देश चलाने के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाने जाएंगे। पाकिस्तान की हालत बहुत ज्यादा खराब एवं पतली है। पाकिस्तान में रोजमर्रा के खर्चे के लिए पैसे नहीं है और उस पर इमरान खान लगातार सड़कों पर मार्च कर रहे हैं । उन्होंने रावलपिंडी से लेकर इस्लामाबाद तक आंदोलन कर दिया है। चीन ने पाकिस्तान को पूरी तरह से आर्थिक रूप से गुलाम बनाकर अपना शिकंजा कस लिया है। पाकिस्तान की सरकार चीन के रहमों करम पर पूरी तरह से पलती आ रही है। चीन पाकिस्तान को अरबों डॉलर का कर्जा देकर उसे अपने गुलाम की तरह बना कर रख दिया है। पाकिस्तान की हुकूमत भले ही चाइना की जी हुजूरी करती आ रही है और उसके हां में हां मिलाती हो पर पाकिस्तानी जनता को न तो चीनी भक्ति पसंद है, ना चीन की कोई उपभोक्ता वस्तु ही पसंद है।

# सोता हूँ माँ चैन से, जब होती हो पास



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

> "मां को देवी सम्मान दिलाना वर्तमान युग की सबसे बड़ी आवश्यकता में से एक है। मां प्राण है, मां शक्ति है, मां ऊर्जा है, मां प्रेम, करुणा और ममता का पर्याय है। मां केवल जन्मदात्री ही नहीं जीवन निर्मात्री भी है। मां धरती पर जीवन के विकास का आधार है। मां ने ही अपने हाथों से इस दुनिया का ताना-बाना बुना है। सभ्यता के विकास क्रम में आदिमकाल से लेकर आधुनिककाल तक इंसानों के आकार-प्रकार में, रहन-सहन में, सोच-विचार, मस्तिष्क में लगातार बदलाव हुए। लेकिन मातृत्व के भाव में बदलाव नहीं आया। उस आदिमयुग में भी मां, मां ही थी। तब भी वह अपने बच्चों को जन्म देकर उनका पालन-पोषण करती थीं। उन्हें अपने अस्तित्व की रक्षा करना सिखाती थी। आज के इस आधुनिक युग में भी मां वैसी ही है। मां नहीं बदली"

**मां** शब्द का विश्लेषण शायद कोई कभी नहीं कर पाऐगा, यह दो शब्द इतना विशालता अपने अंदर समेटे हुए है जिसका व्याख्या करना संभव नहीं है। बच्चा पैदा लेने के बाद सबसे पहले जो शब्द बोलता है वह है माँ। माँ वो है जो हमें जीना सिखाती है, दुनिया में वो पहला इन्सान जिसे हम मात्र स्पर्श से जान जाते है वो होती है माँ। 9 महीने तक अपने पेट में रखने के बाद, इतनी परेशानियों के बाद वो हमें जन्म देती है। वो होती है माँ छोटे हो या बड़े माँ को हर वक्त अपने बच्चे की चिंता होती है। माँ का प्यार अँधा होता है जिसे केवल अनुभव किया जा सकता है। भारत की संस्कृति में माता को पूजनीय माना जाता है। मां को खुशिया और मान सम्मान देने के लिए पूरी जिंदगी भी कम होती है। फिर भी विश्व में मां के सम्मान में मातृ दिवस मनाया जाता है। स्नेह, त्याग, उदारता और सहनशीलता के कितने प्रतिमान गढ़ती है माँ, इसे कौन देखता है। उसका वात्सल्य अपने बच्चों के लिए कितनी बार आंसू बहता है। यह वह दिन है जब हम अपनी मां के आभारी होते है जिसने हमें इतना कुछ दिया है और अभी भी हमारे लिये बहुत कुछ कर रही है।

माँ को परिभाषित करने के लिए शब्द कम पड़ जायेंगें लेकिन उसे हम कुछ शब्दों में परिभाषित नहीं कर पायेंगें।

माँ ममता की खान है, धरती पर भगवान !
माँ की महिमा मानिए, सबसे श्रेष्ठ-महान !!
माँ कविता के बोल-सी,कहानी की जुबान !
दोहो के रस में घुली, लगे छंद की जान !!
माँ वीणा की तार है, माँ है फूल बहार !
माँ ही लय, माँ ताल है,जीवन की झंकार !!
माँ ही गीता, वेद है, माँ ही सच्ची प्रीत !
बिन माँ के झूठी लगे, जग की सारी रीत !!
माँ हरियाली दूब है, शीतल गंग अनूप !
मुझमे तुझमे बस रहा, माँ का ही तो रूप !!

कोई भी चोट पहले माँ को लगती है फिर बच्चे को। मां के प्यार का कर्ज



चुकाया नहीं जा सकता। बच्चा चाहें कितना भी बड़ा हो जाऐ माँ का आँचल उसे सबसे सुरक्षित महसूस होता है। तो उस माँ के लिए भी एक दिन उसका अपना होना आवश्यक हो जाता है। इसे लोकप्रिय बनाई अमेरिका की ऐना ने। जी हां,लाखों लोग इस दिन को मर्दस डे एक सुअवसर के रूप में मनाते है और अपनी माँ को उनकेबलिदान, समर्थन, प्रयास के लिए दिल से धन्यवाद करते है। यही वजह है कि हर साल मई के दूसरे रविवार को दुनिया भर में मदर्स डे मनाया जाता है। साल का एक दिन सिर्फ मां के नाम होता है, जिसे मदर्स डे के नाम से हम जानते है। मां को सम्मान देने वाले इस दिन को कई देशों में अलग-अलग तारीख पर सेलिब्रेट किया जाता है। लेकिन भारत समेत ज्यादातर देशों में मई के दूसरे रविवार को ही मदर्स डे के रूप में मनाया जाता है। अगर आप अपनी माँ के साथ रहते है तो उन्हें गले लगा कर विश करें, आप अपनी माँ के साथ साथ दुनिया की हर माँ का सम्मान करें, आदर करें, तो इससे बड़ा तोहफा दुनिया में कुछ और हो हीनहीं सकता और माँ का आर्शिवाद सदा कवच बनकर आपको हर कष्ट से मुक्ति दिलाती है। हम मदर्स डे की औपचारिकता अवश्य निभाते है मगर वास्तविकता इससे बहुत दूर है। जब तक माँ के हाथ पैरों में जान है और गांठ में पैसे है हम माँ को प्यार करते है मगर जैसे ही ये दोनों चीजे माँ से दूर चली जाती है हमारे प्यार का पैमाना भी बदल जाता है विशेषकर माँ के वृद्धावस्था के दिनों में। उस समय हम अपने बीबी बच्चों में घुलमिल जाते है और माँ को बेसहारा छोड़ देते है। बुढ़ापा बहुत बुरा होता है। यह वही समय है जब माँ को सबसे ज्यादा प्यार की जरुरत होती है और हम माँ को दुत्कार देतेहै। यह समय किसी भी माँ के लिए बहुत दुखभरा है। वह अपने बच्चों को अपना सब कुछ लुटा कर बड़ा करती है और यही बच्चा बड़ा होकर सबसे पहले अपनी माँ को ही अलग थलग कर देता है। भारत के अधिकांश घरों की यही कहानी है जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। आश्चर्य की बात है की आज की पढ़ी लिखी युवा पीढ़ी अपने वृद्ध मातापिता का सम्मान नही करती है। वृद्ध हो जाने पर संताने अपनी संतानों को तो बहुत प्यार दुलार करती है, पर वृद्ध माता-पिता अपेक्षित महसूस करते है।

मां को देवी सम्मान दिलाना वर्तमान युग की सबसे बड़ी आवश्यकता में से एक है। मां प्राण है, मां शक्ति है, मां ऊर्जा है, मां प्रेम, करुणा और ममता का पर्याय है। मां केवल जन्मदात्री ही नहीं जीवन निर्मात्री भी है। मां धरती पर जीवन के विकास का आधार है। मां ने ही अपने हाथों से इस दुनिया का ताना-बाना बुना है। सभ्यता के विकास क्रम में आदिमकाल से लेकर आधुनिककाल तक इंसानों के आकार-प्रकार में, रहन-सहन में, सोच-विचार, मस्तिष्क में लगातार बदलाव हुए। लेकिन मातृत्व के भाव में बदलाव नहीं आया। उस आदिमयुग में भी मां, मां ही थी। तब भी वह अपने बच्चों को जन्म देकर उनका पालन-पोषण करती थीं। उन्हें अपने अस्तित्व की रक्षा करना सिखाती थी। आज के इस आधुनिक युग में भी मां वैसी ही है। मां नहीं बदली। विक्टर ूगो ने मां की महिमा इन शब्दों में व्यक्त की है कि एक मां की गोद कोमलता से बनी रहती है और बच्चे उसमें आराम से सोते हैं।

तेरे आँचल में छुपा, कैसा ये अहसास !
सोता हूँ माँ चैन से, जब होती हो पास !!

माँ तेरे इस प्यार को, दूँ क्या कैसा नाम !
पाये तेरी गोद में, मैंने चारों धाम !!

मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। सच तो यह है कि मां विधाता से कहीं कम नहीं है। क्योंकि मां ने ही इस दुनिया को सिरजा और पाला-पोशा है। कण-कण में व्याप्त परमात्मा किसी को नजर आये न आए मां हर किसी को हर जगह नजर आती है। कहीं अण्डे सेती, तो कहीं अपने शावक को, छोने को, बछड़े को, बच्चे को दुलारती हुई नजर आती है। मां एक भाव है मातृत्व का, प्रेम और वात्सल्य का, त्याग का और यही भाव उसे विधाता बनाता है।

मां विधाता की रची इस दुनिया को फिर से, अपने ढंग से रचने वाली विधाता है। मां सपने बुनती है और यह दुनिया उसी के सपनों को जीती है और भोगती है। मां जीना सिखाती है। पहली किलकारी से लेकर आखिरी सांस तक मां अपनी संतान का साथ नहीं छोड़ती। मां पास रहे या न रहे मां का प्यार दुलार, मां के दिये संस्कार जीवन भर साथ रहते हैं। मां ही अपनी संतानों के भविष्य का निर्माण करती हैं। इसीलिए मां को प्रथम गुरु कहा गया है। स्टीव वंडर ने सही कहा है कि मेरी माँ मेरी सबसे बड़ी अध्यापक थी, करुणा, प्रेम, निर्भयता की एक शिक्षक। अगर प्यार एक फूल के जितना मीठा है, तो मेरी माँ प्यार का मीठा फूल है। अब हमारी बारी है की हम अपनी माँ को सम्मान दे और प्यार दे जिससे वह अपनी बची जिंदगी हंसी खुशी से व्यतीत कर सके।

## कविता

### कौन तुमको कह रहा

क्यों है इतना भ्रम मनुज
क्यों व्यर्थ का उन्माद है
कौन तुमको कह रहा है
बस भेद ही अपराध है

शांति जिसका ध्येय हो
यह आर्यवर्त वह देश है
किंतु तुमको भा रहे जो
नरभक्षियों के भेष है

है घृणा सबके हृदय में
सब बुरे अपने वलय में
किंतु इतना सत्य मानो
दानवों को तुच्छ जानो

तुच्छ जानो हर विचार
जिससे नरसंहार हो
जिसके मुख जिह्वा से
बस गरल-उदगार हो

शांति के द्रोही जो होंगे
हिंसा जहाँ उद्देश्य हो
मन में अकारण द्वेष हो
षड्यंत्र ही षड्यंत्र हो

है समय पहचान लो
सब व्यर्थ ही का दर्प है
बात समझो तुम मनुज
सिंह से घातक सर्प है

जिसका निज कोई नहीं
विष्दंत है सबको डसेगा
तुमको लगते वे स्वजन
भ्रम तुम्हारा भी हटेगा

ना प्रेम ना अनुराग है
लक्ष्य ही लहूपात है
कौन तुमको कह रहा है
बस भेद ही अपराध है

**जया मिश्रा**

## कर्नाटक जनादेश का मतलब

**कृष्ण कुमार निर्माण**

**कर्नाटक** के चुनाव नतीजे आ चुके है।इससे पहले कि आगे बढ़े,एक बार चुनाव प्रचार के दौरान की कुछ विशेष घटनाएं याद करना जरूरी है।जैसे कि भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी थी,गालियां तक भाजपा के बड़े नेता गिनवा चुके थे,विपक्ष के घोषणा पत्र को अपनी तरह से परिभाषित करते हुए बजरंग बली से जोड़ा गया,जो कि निहायत अनुचित था।उधर कांग्रेस भी कम नहीं रही मगर कांग्रेस के पास ले-देकर प्रियंका है,जो कर्नाटक के नाटक में अहम रोल निभाती दिखाई दी।वैसे खड़गे भी स्क्रीन पर निरंतर रहे।भारत जोड़ो यात्रा निसंदेह कांग्रेस के लिए जरूर फायदे का सौदा रहा।निसंदेह कांग्रेस के नेताओं की भाषा उचित नहीं ठहराई जा सकती।मगर जिस ताम-झाम के साथ भाजपा चुनाव लड़ती है,हर बार,वो गजब का होता है।तमाम मंत्री,मुख्यमंत्री,खुद पीएम और एक बार उस रोड़-शो के दृश्य जेहन में घुमाइए और तमाम भाषणों को जेहन में रखिए।चूंकि नतीजे सामने हैं।और कांग्रेस की जीत साफ हो चुकी है।स्पष्ट बहुमत आ चुका है। तो क्या बकौल भाजपा नेता यह मान लिया जाए कि जो जीतता है,लोग उसकी नीतियों में विश्वास करते है।मायने यह कि भाजपा की किसी भी बात पर,भाजपा के किसी नेता की बात पर और भाजपा की किसी नीति पर जनता ने भरोसा नहीं किया बल्कि माना ही नहीं।यहाँ वोट प्रतिशत का जिक्र छोड़ दीजिए।वैसे यह हार भाजपा को पूरे दक्षिण भारत से बाहर करती है और यह जीत कांग्रेस के लिए संजीवनी का काम करेगी,जिससे न केवल विपक्षी एकता मजबूत होगी बल्कि कांग्रेस का कद भी बढ़ेगा।मगर कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई कांग्रेस के लिए बड़ा खतरा भी साबित हो सकती है।जो कांग्रेस की जन्मजात लाइलाज बीमारी है।मगर यह जीत इतना जरूर साफ तय कर रही है कि जिन गालियों को मुद्दा बनाया गया,उसे जनता ने नकार दिया,जिस बजरंग बली को मुद्दा बनाया गया,उसे तो कतई नकार दिया गया,हवाई बातें स्वीकार नहीं की गई,इस बात पर जनता ने मोहर लगा दी कि डबल इंजन की सरकार ने पिछले पांच साल में जमकर भ्रष्टाचार किया था।वैसे भी 2018 में कर्नाटक में भाजपा सबसे बड़ी बड़ी पार्टी बनकर जरूर उभरी थी मगर सरकार कांगेस और जेडीएस ने बना ली थी मगर बाद में ऑपरेशन लोटस करके भाजपा सत्ता पर आसीन हो गई थी।इस चुनाव ने फिर से सिद्ध कर दिया कि अगर ठीक से चुनाव लड़ा जाए तो भाजपा को हराया जा सकता है।यहीं यह बताते चले कि यदि 24 में विपक्ष ने भाजपा से सीधी लड़ाई बना ली तो भाजपा का सत्ता से बाहर होना निश्चित हो सकता है क्योंकि यह तय है कि जहाँ भी भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर होगी तब-तब भाजपा नुकसान में रहती है और कांग्रेस फायदे में रहती है। वैसे बजरंग बली ने अपनी गदा का जबरदस्त प्रहार उन लोगों पर जरूर किया है जो उनका नाम लेकर कट्टरता दिखाते हैं और हिंसा करते हैं।दूसरे लव जेहाद के मसले नगण्य रहे।मसलन साफ बात इस जनादेश का मतलब यह रहा कि भावनात्मक मुद्दे ज्यादा दिन नहीं टिकेंगे और जो भी सत्ता में हो,उसे जनता के काम करके दिखाना होगा। साथ ही यह तय हो गया कि देर से ही सही, हर किसी को जनता के मूल मुद्दों पर ही चुनाव लड़ना होगा।

## विचार

## मत का सही उपयोग ही राजनीति की दशा और दिशा बदल सकता है

**मनमोहन प्रकाश**

**समय** बहुत तेजी से बदल रहा है। जीवन शैली के साथ मानवीय आस्थाएं , मान्यताएं और निष्ठाएं भी बदल रही हैं। आज का मनुष्य अधिक स्वार्थी और लोभी हो चला है। उसका अपना हित सर्वोपरि है। प्रकृति सह जीवन,दीन दुखी गरीबों की सहायता, राष्ट्र की आन- बान- शान के लिए मर- मिटने की भावना, दूसरों के लिए आदर- सम्मान सूचक शब्दों का प्रयोग, सभी धर्म- संप्रदाय के प्रति मान- सम्मान, व्यवहार में सदाचार, भाईचारा, सहिष्णुता,परोपकार जैसे शब्द उसके आचरण रुपी शब्दकोश से धीरे-धीरे विलुप्त हो रहे हैं और उसके स्थान पर अनैतिक आचरणों से जुड़े शब्द जैसे लूट-पाट, चोरी-चौपाटी- डकैती, असहिष्णुता, बलात्कार, भ्रष्टाचार, नशावृत्ति आदि अपना स्थान पक्का करते जा रहे हैं। शायद यही वो संकेत है जिसके आधार पर हम कह सकते हैं कि हम कलियुग की ओर बढ़ रहे हैं। हम सबने पढ़ा है कि कलयुग में सब कुछ बदल जाता है तो फिर राजनीति का स्वरूप भी बदलना लाजमी है। आज राजनीति में दूसरों को नीचा दिखाना (विशेषकर अपने प्रतिद्वंद्वी को) नेताओं की आदत बनती जा रही है। स्वस्थ स्पर्धा लुप्त हो रही है।आज राजनेता अधिकार और पद के बिना रहना भूलता जा रहा है या यूं कहें उसके बिना उसे नींद नहीं आती है। उसका लक्ष्य किसी भी तरह से पहले चुनाव जीतना, फिर पद पाना रह गया है।

ऐसी मान्यता रही है कि मनुष्य राजनीति में समाज की सेवा के लिए आता है। राजनीति में आकर वह गरीबों को उनका अधिकार मिल सके इसके लिए प्रयास करता है। नियम- कानून-योजनाएं समाज के अंतिम वर्ग को ध्यान रख कर बनाई जानी चाहिए, उनका सही क्रियान्वयन हो इसका ध्यान रखे जाने का प्रयास करना चाहिए। किन्तु आज राजनीति और उसका उद्देश्य बदलता दिखाई दे रहा है। आज व्यक्ति राजनीति में आदर और सम्मान के साथ अधिकार और रूतवा हासिल करने की चाह में आता है , उसका धंधा दिन-दूनी रात चौगुनी वृद्धि कर सके इसकी लालसा में आता है, उसके गलत काम को सही ठहराया जा सकें इसकी आशा में प्रवेश करता है। ऐसे गिनें चुनें ही राजनैतिज्ञ मिलेंगे जिन्होंने विशुद्ध समाज और देश सेवा के लिए राजनीति क्षेत्र का चयन किया हो। इसीलिए शायद वर्तमान राजनीतिक इकोसिस्टम में कुछ अच्छे लोगों के साथ- साथ वे व्यक्ति भी प्रवेश कर रहे हैं जो कई अपराधिक प्रकरण में लिप्त हैं। हमारे देश में अतिक जैसे माफिया और फूलन देवी जैसी डाकू और हत्यारे भी चुनाव जीत कर माननीय हो जाते हैं। इन आपराधिक व्यक्तियों का चुनाव जीतना कई प्रश्न खड़े करता है -आखिर जनता इनको चुनती क्यों है? क्या डर-भय के कारण? क्या जनता के पास अच्छे व्यक्ति को चुनने का विकल्प नहीं रहा इसलिए?या कोई अन्य मजबूरी है। नोटा का विकल्प भी उस समय बेमानी हो जाता है,जब जीत बहुमत के आधार पर हो। भारत की प्रजातंत्र प्रणाली में ऐसे प्रयास भी दिखाई नहीं दे रहे जिससे साफ- सुथरी छवि वाले व्यक्ति इस ओर आकर्षित हों। आज तो चुनाव प्रचार की भाषा भी अपना रुप बदल रही है और मयार्दा भूलती जा रही है । लगता है नेताओं को किसी को कुछ भी बोलने का अधिकार मिल गया है। दूसरों के प्रति असम्मानजनक और फूहड़ भाषा के प्रयोग में ही कुछ नेता अपना पराक्रम खोज रहे हैं, चिंतन की नवीनता सिद्ध कर रहे हैं। चुनाव प्रचार में पार्टी की भविष्य की योजनाएं कम सुनाई पड़ती है, संवैधानिक मयार्दा की धज्जियां उड़ाते आरोप-प्रति- आरोप ज्यादा सुनाई पड़ते हैं। पिछले कुछ वर्षों में राजनेताओं में एक और नया चरित्र देखने को मिला है। उनमें पार्टी के सिद्धांत और नीतियों में आस्था ,विश्वास और निष्ठा तभी तक दिखाई देती है जब तक उनके पास कोई पद है, पार्टी में उनकी पूछ-परख है। यद्यपि अधिकांश छोटे कार्यकर्ता अपनी पार्टी के साथ खड़े दिखाई देता है,या यूं कहें कि यह उसकी मजबूरी है। यह तथ्य इस बात से भी सिद्ध होता है कि चुनाव आते ही जब किसी राजनैतिज्ञ को किसी पार्टी से चुनाव में टिकट मिलने की आशा खत्म हो जाती है , पार्टी तथा अन्य संस्थानों में कोई बड़ा पद नहीं मिलता है तो ऐसे राजनेता टिकट की घोषणा के पहले या बाद में पार्टी बदल लेते हैं।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## अपने ही प्रधानमंत्रियों का दुश्मन पाक

**आर.के. सिन्हा**

**पाकिस्तान** में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी पर हैरान होने की जरूरत नहीं है। हालांकि वह रिहा हो चुके हैं। पाकिस्तान में इमरान से पहले भी कई प्रधानमंत्रियों को जेल की हवा खानी पड़ी है। सबसे पहले 1960 में सैनिक तानाशाह अयूब खान ने प्रधानमंत्री हुसैन शहीद सुहरावर्दी को जेल भेजा था। सुहारावर्दी देश के विभाजन से पहले बंगाल राज्य के प्रधानमंत्री थे। तब किसी राज्य के मुखिया को प्रधानमंत्री ही कहा जाता था। जब 1946 में जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन के आह्वान के बाद कोलकाता में हिंसा भड़की तब सुहारावर्दी ही बंगाल के प्रधानमंत्री थे। कहते हैं कि उन्होंने हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा को रुकवाने की कोई चेष्टा नहीं की थी। हिंसा को हवा जरूर दी।

खैर, उनके बाद जुल्फिकार भुट्टो को जालंधर में पैदा हुए जिया उल हक ने जेल भेजा। उसके बाद भुट्टो को फांसी भी हुई। भुट्टो के बाद उनकी बेटी बेनजीर भुट्टो को भी जेल जाना पड़ा। फिर उनकी हत्या भी हुई। नवाज शरीफ और शाहिद अब्बासी ने भी प्रधानमंत्री के रूप में जेल की सलाखों के पीछे वक्त बिताया है। यही पाकिस्तान का चरित्र है। वहां पर निर्वाचित प्रधानमंत्रियों को पद से हटाने और गिरफ्तार किये जाने की परंपरा पुरानी है। हां, इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान जिस तरह से जलने लगा है, उस तरह के हालात पहले कभी देखने में नहीं आये। इस लिहाज से इमरान खान की गिरफ्तारी थोड़ी अलग जरूर है। इमरान खान को करप्शन के आरोपों में जेल में डालने के कारण पाकिस्तान जलने लगा है। सारे देश का गुस्सा इमरान खान के सियासी शत्रुओं से ज्यादा सेना पर है। अवाम का कहना है कि पाकिस्तान को कभी पटरी पर आने ही नहीं दिया सेना ने। उसने देश में जम्हूरियत की जड़ों को मजबूत नहीं होने दिया। यह पाकिस्तान की जनता की सोच में बहुत बड़े बदलाव का संकेत भी है। एक दौर में पाकिस्तान की अवाम अपनी सेना के लिए जां निसार करती थी। पर अब उसे जन्नत की हकीकत समझ आने लगी है। उसके सामने सच्चाई आ गई है। उसे पता चल गया है कि सेना के पूर्वी पाकिस्तान में कत्लेआम के कारण पूर्वी पाकिस्तान बांग्लादेश बना।

## नादान सवाल

**डॉ. सुरेश कुमार**

**वह** मलीन बस्ती है। रेतीले पैर नमकीली चमड़ी वाले चेहरों पर हल्की मुस्कान के सिवाय कुछ नहीं है। उनके पास न शहर की चकाचौंध है न बनावटी रिश्ते। न दिखावा है न गिरते मूल्यों की सड़ांध। जो कुछ है सब उनकी कुटिया है। उनके पास कहने को रुपया-पैसा बिल्कुल नहीं है। इसके लिए न उन्हें स्विज बैंक की जरूरत पड़ती है न बिनामी लोगों की। अपने नाम से जीते हैं और अपने नाम से मरते हैं। गरीबी की पहचान को सीने से लगाए जिंदगी भर तिल-तिलकर जीते हैं। इनका जो कुछ है वह सब कुछ समुद्र है। इनके सारे रिश्ते नाते समुद्र से होते हैं। यहीं जीते और यहीं मरते हैं। ऐसे ही किसी समुद्री तट वाली बस्ती में एक छोटे से नाले का मुँह बंद करने के लिए गीले सिमेंट का लेप बनाया जा रहा है। एक सात साल की लड़की तख्ती लेकर वहीं बैठी है। वह लकड़ी की तिलिया लेकर गीले सिमेंट पर कुछ लिखकर चली गयी। मानो किसी यक्ष ने कोई प्रश्न लिख दिया हो। क्या लिखा होगा उस पर?! दो अक्षरों का सवाल कब। कुछ देर पहले तक गीला सिमेंट मात्र सिमेंट भर था। अब वह शर्म से गीला-गीला हो चुका था। मानो उस लड़की ने निर्जीव सिमेंट पर ह्यकबह्ण लिखकर उसे जीता-जागता आईना बना दिया हो। दिखने में मात्र दो अक्षरों का सवाल कब था लेकिन परोक्ष रूप से कई सवालों के प्रतिबिंब के रूप में चीख-चीखकर हमसे, आपसे और सबसे कुछ जवाब मांग रहे थे। मुस्कानों को गाड़कर कब्रस्तान बनाने वाले चेहरे पर खुशियाँ कब लौटेंगी? चुपचाप जलने वाली चिताओं की आग को बुझाने वाली साँस रूपी हवा में लंबी उम्र का तरल जल कब लौटकर आएगा? वे मछुआरे जो बहुत जल्द लौटकर आने का वादा करके गए थे, वे कब लौटेंगे? उनकी राह जोहती आँखों को सुकून कब मिलेगा? अपने प्यारों की चिंता में पल-पल घुट-घुटकर मरने वालों को उनके लौटने की खुशखबरी कब मिलेगी? कुछ बाहें माँ-बाप से लिपटकर ऐसे बिछुड़े जो कि अब तक उसी स्पर्श की याद में रो-रोकर अधमरे हो चुके हैं। न जाने वे कब तक लौटेंगे? दूध के लिए बिलखते बच्चों को दूध का वादा करके टोकरी कमर पर लटकाए घर से निकली माँ अब तक नहीं लौटी है। न जाने वह किस तूफान में गुम हो गयी है।

# फाइनेंस कर्मचारी से लूटपाट केस में पांच गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**

**नारनौल** के समीप 3 दिन पहले उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के कलेक्शन एजेंट के साथ हुई 1.29 रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब 1 लाख 3000 रुपए और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक को पुलिस ने बरामद किया है। 4 युवाओं ने लूट की थी जिसमें से एक नाबालिक है। एक युवक के पिता ने इनको छुपाने में मदद की थी इसलिए उसको भी पुलिस ने 120 भी में गिरफ्तार किया है। मालूम हो कि नारनौल के गांव मांदी के थोड़ा आगे 11 मई को लॉजिस्टिक हब अंडरपास के नजदीक उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के कर्मचारी से बैग, नकदी इत्यादि छीनने के मामले में गिरफ्तार आरोपियों का एएसपी प्रबिना पि ने शनिवार को



प्रेस वार्ता के दौरान खुलासा किया। मामले में पुलिस ने 5 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पुष्कर वासी कारोता निजामपुर, अक्षय उर्फ जहरी वासी नांगल शालू निजामपुर, अंकित वासी नांगल शालू निजामपुर, बालाराम वासी नांगल शालू निजामपुर के रूप में हुई है। नारनौल के उज्जीवन फाइनेंस बैंक में कार्यरत कलेक्शन एजेंट हितेश के साथ बाइक लगाकर रास्ता रोककर 1 लाख 21000 रुपए के अलावा उसके 85 सौ रुपए दो टेबलेट, बैंक कर्मी के एटीएम कार्ड व अन्य जरूरी कागजात छीन लिए थे। पुलिस ने पूछताछ में आरोपितों से बैग, टैब, कागजात और 1 लाख 3 हजार की नकदी और अन्य सामान भी बरामद किया है। मामले में

**▶▶एक युवक के पिता ने इनको छुपाने में मदद की थी इसलिए उसको भी पुलिस ने 120 भी में गिरफ्तार किया है**

आरोपितों द्वारा वारदात को अंजाम देने में प्रयोग की गई बाईक भी पुलिस ने बरामद कर जब्त कर ली है। आरोपितों को आज न्यायालय में पेश किया गया। मामले को संज्ञान में लेते हुए टीमों का गठन किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए नारनौल, एवीटी स्टाफ और थाना सदर नारनौल की टीम ने कार्रवाई करते हुए वारदात को अंजाम देने में शामिल आरोपितों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपितों में दो आरोपियों को नांगल चौधरी क्षेत्र में डीजे की दुकान में आग लगाने की वारदात में गिरफ्तार किया था और अभी कुछ दिन पहले ही बेल पर आए थे।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा एक नाबालिक 14 वर्षीय युवक को पुलिस ने पकड़ा है जिसको जुनाइल कोर्ट में पेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अन्य तीन युवकों की उम्र 18 से 19 साल की की है। पुलिस ने इस मामले में नांगल चौधरी थाना के अंतर्गत आने वाले गांव नांगल शालू के अक्षय अंकित के अलावा अक्षय के पिता बालाराम और निजामपुर के पुष्कर को भी गिरफ्तार किया है।

पुष्कर के पास से टेबलेट व अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं जबकि अक्षय के पास से बाइक और अंकित के पास से पैसे पर बालाराम के पास से 47000 रुपए बरामद हुए। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस के बैंक में सीआरओ हितेश कुमार ने थाना सदर नारनौल में शिकायत देते हुए बताया कि वह फील्ड में ग्राहकों को ग्रुप लोन बांटने का काम करता है।

# हरियाणा कौशल विकास मिशन में फर्जीवाड़ा



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। हरियाणा** कौशल विकास मिशन के तहत चल रहे नारनौल में दो सेन्टरों तथा गांव सेहलंग के एक सेन्टर पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रेवाड़ी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। यह सेंटर हरियाणा कौशल विकास मिशन के तहत युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर दिलाने के लिए खोले गए हैं। लेकिन इनमें रेड टीम को काफी अनियमितताएं मिली।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम के साथ आए जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य विनोद कुमार के अनुसार नारनौल शहर में चल रहे दो ट्रेनिंग सेंटरों व गांव सेहलंग में एक सेन्टर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान ट्रेनिंग सेंटर पर कुछ स्टाफ गैरहाजिर मिला व विद्यार्थियों की संख्या भी कम मिली।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता के अनुसार केंद्र संचालकों द्वारा सरकार की योजनाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है ।निरीक्षण में पाया गया कि योजना के तहत शहर में चल रहे दो केंद्रों में 2 शिफ्टों में बच्चों का दाखिला किया गया है । सुबह की शिफ्ट में 120 बच्चों का दाखिला मिला लेकिन मौके पर 43 बच्चे ही पाए गए। रिकॉर्ड में चार ट्रेनर में दिखाए गए हैं लेकिन मौके पर तीन ही मिले। सभी क्लासरूम व लैब में लगे सीसीटीवी कैमरे चालू मिले। दूसरी शिफ्ट में 120 बच्चों में से 42 बच्चे ही हाजिर मिले।

इसके बाद टीम ने गांव सेहलंग में भी छापेमारी की। जहां भी काफी अनियमितताएं मिली विभाग को नारनौल के दोनों सैंटरो वह सेहलंग सेन्टर पर कार्रवाई करने के लिए लिखा गया है।हरियाणा कौशल विकास मिशन में फर्जीवाड़े की परतें अब खुलने लगी हैं। कौशल के नाम पर प्रशिक्षण केंद्रों में केवल खानापूर्ति पूर्ति की जाती थी।

मुख्यमंत्री उड़नदस्तों द्वारा प्रदेशभर के प्रशिक्षण केंद्रों पर छापे के बाद जांच में सामने आया है । काफी संख्या में प्रशिक्षण केंद्र संचालक गांवों की गरीब महिलाओं और जरूरतमंद विद्यार्थियों का इसके लिए इस्तेमाल करते थे। उनको कोर्स के दौरान केवल परीक्षा के दिन सेंटर पर आने के लिए कहा जाता था और इसके बदले उनको 1000 रुपये दिए जाते थे। जबकि प्रति व्यक्ति एक कोर्स पूरा होने पर सरकार से 20 से 25 हजार रुपये के बिल पास कराते थे। अधिकारियों, प्रशिक्षण केंद्र संचालकों की मिलीभगत से चल रहे इस खेल की रिपोर्ट हरियाणा सरकार को मिल चुकी है। अब मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की जांच का दायरा और बढ़ गया है। अब जिला स्तर पर तैनात जिला कौशल कोऑर्डिनेटरों की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है। क्योंकि प्रशिक्षण केंद्रों की फिजिकल वेरिफिकेशन से लेकर विद्यार्थियों की हाजिरी, स्टाफ की संख्या से लेकर केंद्र में पर्याप्त सुविधाओं को जांचना इनका कार्य है। लेकिन केंद्र संचालकों से हुई मिलीभगत के चलते फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### मातृशक्ति ही है सब से महान -राव बहादुर सिह

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश यादव/महेन्दगढ़** । यदुवंशी शिक्षा निकेतन सतनाली में आज मातृ शक्ति दिवस मनाया गयो विद्यार्थियों की माताओं को विशेष तौर परबुलाया गया` इस कार्यक्रममें अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन भी किया गया जिसमे माताओं द्वारा म्यूजिकलचेयर, ग्लास मीनार वआँखों पर पट्टी बांधकर अपने बच्चे को पहचानना आदि कार्यक्रम शामिल रहे` इस कार्यक्रम में पहुंची माताओं ने भी भाग लेकरअपनी बचपन की यादों को ताजा किया और विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय की औरसे मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसअवसर पर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह मुख्य अतिथि केतौर पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मां शब्द में कैसा प्यार छुपा है जिसका अंदाजानहीं लगाया जा सकता और उन्होंने कहा भारत देश एक ऐसा देश है जिसकी माताओं ने भगवानको भी अपनी गोदी में खिलाया है और मैं आज अपनी माता जी के बारे में बताता हूं किबचपन में मेरे पिताजी के चले जाने के बाद उन्होंने मुझे किस तरह पालकर इस मुकाम परपहुंचाया है तो मैं उनको भी प्रणाम करता हूं। इस मौके पर यदुवंशी ग्रुप के वाइसचेयरमैन करण सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कार्यक्रम में पहुंचीसभी माताओं का हार्दिक अभिवादन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि हर दिन मां का दिन होताहै मातृ दिवस तो दुनिया में विभिन्न हिस्सों में अपने-अपने सम्मान देने और उनकेप्रति अपने प्यार को दिखाने व व्यक्त करने को लेकर एक संदेश के रूप में मनाया जाताहै। विद्यालय के नन्हे मुन्नेविद्यार्थियों ने मातृ दिवस के उपलक्ष में अपनी सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां देकर सभीमातृशक्ति को भावुक कर दिया। कक्षा छठी से आठवीं तक मातृत्व दिवस पर भाषण व कविताप्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे भूमिका प्रथम , अंशिका द्वितीय तथा गुंजन व नैंसी ने तृतीयस्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विद्यालयका समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में मनाया गया मातृदिवस

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**

**आज** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन नारनौल में मातृदिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नारनौल पीजी कालेज की प्राचार्या डॉ० पूर्ण प्रभा मुख्य अतिथि के रूप में और नारनौल शहर में टेढ़े-मेढ़े दाँतों की संवेदना अस्पताल की एकमात्र डॉक्टर दिव्या, नारनौल रेडक्रास समिति की प्रवक्ता पवित्रा कुमारी अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत नन्हें-मुन्नो द्वारा रंगारंग नृत्य प्रस्तुति से की गई। कार्यक्रम में माँ के लिए भी अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जैसे- रैंप वाक, कुकिंग विदआउट फ़्लेम और डांस। इन सभी प्रतियोगिताओं में माँ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अलग-अलग श्रेणियों में भाग लेने वाले विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। मुख्य अतिथि ने भी मंच के माध्यम से बच्चे के जीवन में माँ की महता के बारे में बताते हुए कहा कि माँ बच्चे के लिए ईश्वर द्वारा इस संसार में बनाई गई सबसे श्रेष्ठ कृति है। इसलिए जिस तरह माँ हमें दुलारती हैं उसी लेकर हमें भी उनका सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत स्कूल प्रधानाचार्या मंजु मल्होत्रा ने मंच के माध्यम से मुख्य अतिथि और वहाँ उपस्थित सभी अभिभावकों का हृदय से आभार प्रकट किया और साथ ही यह भी कहा की बच्चे का सबसे पहला गुरु उसकी माँ ही होती है, अतः हमें अपनी माँ का सम्मान करना चाहिए।

### सैदपुर की बेटी दिव्या ने 12वीं कला संकाय में टॉप किया

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**

**अटेली तहसील** के गांव सैदपुर की बेटी दिव्या ने 12वीं कला संकाय में टॉप किया। सुंदर लाल की लाडली दिव्या यादव ने 12वीं कक्षा कला संकाय में 97.5 प्रतिशत अंक लेकर टॉप करके अपने परिजनों, गांव और स्कूल का नाम रोशन किया है। दिव्या आरपीएस स्कूल नारनौल में पढ़ती है। इसके पिता ने बताया कि ये शुरू से ही मेधावी है। इसका श्रेय इन्होंने विद्यालय स्टॉफ और इनके परिवार में इनकी माता ओर दादा श्रीराम सेक्रेटरी को दिया जो हर समय इसको मोटिवेट करते रहते थे। उन्होंने बताया की ये आगे पढ़ कर भारतीय सिविल सेवा में जाना चाहती ह।

# राहुल गांधी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में वापसी करेगी कांग्रेस पार्टी : निखिल मदान

**टीम एक्शन इंडिय/ सोनीपत**

**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव नतीजों में कांग्रेस पार्टी द्वारा पूर्ण बहुमत से ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद मेयर निखिल मदान कांग्रेस भवन पहुंचें जहां उन्होंने पार्टी कार्यकताओं, निगम पार्षद गण और पार्टी पदाधिकारियों के साथ लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाया और सभी को जीत की बधाई दी। मेयर निखिल मदान ने कहा कि आज के जनादेश से स्पष्ट है कि आने वाले समय में देश से भाजपा का सफाया तय है



और देश प्रदेश में कांग्रेस पार्टी सत्ता में लौट रही है।

जहां राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में देश में सरकार बनाएगी वही हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। भाजपा शुरू से ही जाति धर्म की राजनीति करती है जिसको कर्नाटक की जनता ने नकार दिया है और उसी परिपाटी पर चलते हुए आगे देश की जनता लोकसभा चुनावों में भी बीजेपी का सफाया करेगी। उसके साथ ही हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी की सरकार का सूपड़ा साफ होना तय है।

इस मौके पर निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, पार्षद नवीन तंवर, पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण सैनी, भलेराम जांगड़ा, प्रेम नारायण गुप्ता, डॉक्टर सत्यवीर निर्माण, रवि कपूर, ऋतु राज सिवाच,महावीर, हरि प्रकाश मंडल देवेंद्र बुरा,आजाद सिंह,सोनू सुहाग,महेंद्र सिंह, वेद यादव, रघुवीर सिंह, जुगल ज्योति,कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

# दीपिका पहलवान ने सर्कल कबड्डी में जीता सिल्वर मेडल

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** गुरु हनुमान कुश्ती, कबड्डी एकेडमी लड़सौली की पहलवान दीपिका मोर महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक की तरफ से खेलते ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता में ऑल इंडिया इण्टर यूनिवर्सिटी सर्कल कबड्डी में ज सिल्वर मेडल जीता है । एकेडमी संचालक भारत केसरी, भीम अवॉर्डी नवीन मोर पहलवान ने बताया की टीम ने क्वार्टर फाइनल मैच में खानपुर विश्व विद्यालय की टीम को हरा कर सेमीफाइनल मैच में जयपुर विश्व विद्यालय की टीम को हरा कर फाइनल में रणबीर विश्व विद्यालय की टीम से हार का सामना करना पड़ा और सिल्वर मेडल से संतोष करना



पड़ा । एकेडमी संचालक भारत केसरी, भीम अवॉर्डी नवीन मोर पहलवान संस्थापक पूर्व कप्तान चांद राम मोर , प्रधान धर्मवीर मोर, सरपंच प्रतिनिधि प्रियव्रत मोर , कोच मीना मोर, राम कुमार मोर, पूर्व प्रधान संजय मोर, गुलाब मोर, कोच दलबीर , दविंदर फौजी ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बी आर ग्लोबल विद्यालय का दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**सीबीएसई** द्वारा घोषित कक्षा दसवीं और बारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम में खेड़ी रोड स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा पहल ने बताया की मेडिकल - नॉन मेडिकल संकाय से तन्नु ने 91.4 प्रतिशत , यश ने 91प्रतिशत , प्रगति ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । कॉमर्स संकाय विनय ने 89.6 कला संकाय से प्रिया ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। निदेशक राकेश यादव ने अलग अलग विषयों में भी विद्यार्थियों का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा । फिजिक्स



विषय में सर्वाधिक अंक 91,केमिस्ट्री में 95 , गणित में 95 ,फिजिकल शिक्षा में 97 , राजनीति शास्त्र में 95 तथा अंग्रेजी विषय में 90 अंक रहे। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया विद्यार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत रहा।विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं में से आयुष ने 94.2 प्रतिशत , दीक्षा शर्मा ने 93.4 प्रतिशत, खुशी ने 92.4 प्रतिशत तथा तृप्ति ने 92 तथा प्राची ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

# कर्नाटक की ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेस ने मनाया जश्न

**पानीपतः पानीपत** के कांग्रेसी नेता वरिंद्र बुल्ले शाह के सुपुत्र विपुल शाह ने कर्नाटक मे कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक जीत होने पर सभी कार्यकर्ताओं के साथ अपने निवास मॉडलटाउन पर मिठाईयाँ बाटी व ढोल की थाप पर ढुमके लगाए, वही पत्रकारों से बात करते हुए विपुल शाह ने बताया की कर्नाटक की तर्ज पर हरियाणा मे भी बहुमत के साथ सरकार कांग्रेस पार्टी बनाएगी। वही पत्रकारों की बात का जवाब देते हुए शाह ने कहा भाजपा की नीतियों से अब लोग सच मे दुखी है जिसका परिणाम आज कर्नाटक की जनता ने दे दिया है।

# हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर का परीक्षा परिणाम शानदार रहा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**हैप्पी चाइल्ड** इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर का बाहरवीं व दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। परीक्षा परिणाम आने पर छात्रों ने खुशी मनाई। प्रधानाचार्या उषा मलिक ने बताया कि 12वीं कक्षा में साक्षी ने 95.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया,कुमारी स्नेहा ने 95 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे स्थान पर व आर्यन 91प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहा। वहीं कक्षा दसवीं में शिवम ने 95 ,प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में




प्रथम स्थान प्राप्त किया, रोज ने 94.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में दूसरा व अंकुर ने 92.8 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं का भी परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। अच्छा परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल था। अच्छे अंक लाने पर स्कूल प्रबंधन ने बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल था। अच्छे अंक लाने पर स्कूल प्रबंधन ने मिठाई खिलाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। स्कूल कि चेयरमैन रीटा नागपाल,स्कूल निदेशक सुनील नागपाल,निदेशक संजय नागपाल ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रधानाचार्या उषा मलिक ने इस सफलता का श्रेय बच्चों व अध्यापकों की कड़ी मेहनत को दिया।

# कर्नाटक विधानसभा में जीत पर कांग्रेसियों में खुशी की लहर



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। शनिवार** को कर्नाटक में कांग्रेस की जीत से नारनौल के कांग्रेसी कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई. राकेश कुमार यादव पूर्व सेशन जज ने अपने शिवाजी नगर स्थित कार्यालय में लड्डू वितरित कर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। जीत पर कैलाश सोनी व पवन कौशिक ने भी लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों के सेमीफाइनल में कांग्रेस की जीत हुई । राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कर्नाटक में जो माहौल दिखा था। आज उसी का नतीजा कर्नाटक के चुनाव परिणाम में स्पष्ट दिख रहा है । कर्नाटक की जनता ने सांप्रदायिक राजनीति को नकार कर विकास की राजनीति को चुना है व आगामी हरियाणा चुनावों का आईना है कर्नाटक का परिणाम । मंत्री ने उन तमाम कार्यकताओं व नेताओं को बधाई दी है जिन्होंने दिन रात मेहनत कर कर्नाटक में नफरत के बाजार को बंद कर , मोहब्बत की दुकान खोलने का काम किया ।

पूर्व सैशन जज राकेश यादव ने कहा की भाजपा ने एक बेहद अलोकतांत्रिक नारा लगाया- कांग्रेस मुक्त भारत, लेकिन कर्नाटक के लोगों ने दक्षिण भारत को भाजपा मुक्त कर दिया। इस जीत से कांग्रेसी कार्यकताओं में नई उम्मीद का संचार हुआ है। अब भूपेंद्र सिंह हुड्डा पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष की रहनुमाई में हरियाणा में कांग्रेस का परचम लहरा कर राहुल गांधी के हाथ मजबूत करेंगे। हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद किसके साथ है यह आज के परिणाम से साबित हो गया है। इस अवसर पर नरेंद्र श्रीवास्तव, संजय गर्ग, दिनेश जोशी, मुकेश जोशी, गोविंद, यादराम खीची, पतराम खींची, बंटी भाई, रविंद्र गुप्ता, बलवंत, बिट्टू सरदार, राजेंद्र अरोड़ा, प्रेम काका, ओमप्रकाश सैनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

एक अन्य कार्यक्रम में नगर पालिका नारनौल के पूर्व उपप्रधान कैलाश सोनी ने अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के बीच कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा का अहंकार उसको पतन की ओर ले जा रहा है।

# लक्ष्मी नारायण मंदिर में हुआ माता की चौकी का आयोजन

## लक्ष्मी नारायण मंदिर नारनौल में संपन्न हुई

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। टाइगर** क्लब परिवार नारनौल के तत्वाधान में कल रात्रि मां भगवती दुर्गा माता की चौकी शिवाजी नगर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर नारनौल में संपन्न हुई जिसके पुरोहित सम्माननीय श्री नारायण जी शास्त्री रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं टाईगर क्लब के मुख्य संरक्षक राकेश यादव ने की। मंच संचालन टाईगर क्लब के कार्यक्रम संयोजक हेमंत जैन ने किया। श्री मती संतोष देवी ने अपने बेटे के जन्मदिन के अवसर पर माता की चौकी का आयोजन



करवाया और इस चौकी के मुख्य यजमान दीपक सिंघल रहे। टाईगर क्लब परिवार संरक्षक जय प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर सर्वप्रथम मोहन सागर ने गणेश वंदना कर भजन रूपी गंगा को प्रवाहित किया और मां का करुणामई गीत तू कितनी अच्छी है तू कितनी भोली है गा करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कुक्की राजस्थानी ने मैया जी आ जाइए तेरा भक्तो ने जोत जलाई, माता के दर्शन जब पूरे होते ,भैरव बाबा के दर्शन भक्त है करते । राजेश शास्त्री ने ऐसी मस्ती कहां मिलेगी गाकर भक्तों को नचाया और झूमांया। चुनरी का भजन मैया का चोला है रंगला श्रीमती संतोष सैनी द्वारा गाया गया परमानंद वर्मा ने चलो बुलावा आया है,माता ने बुलाया है विनोद सर्राफ कभी फुर्सत हो तो जगदंबे, पवन सोनी ने मैया नवरात्रों में जब धरती पर आती है, संजय वर्मा श्री राम जी दूत बड़े खास बालाजी महाराज, जिसको तू संभाले ओ शेरावालिए, भोले को कैसे मैं मनाऊं रे ।

# प्रयास स्कूल की जूनियर विंग में मातृत्व दिवस मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

किशनपुरा स्थित प्रयास स्कूल की जूनियर विंग में मातृत्व दिवस धूमधाम से मनाया गया। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी पूनम चंदा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में जहां नन्हें मन्ने बच्चों ने मा किरदार प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया,वहीं दूसरी तरफ स्कूल प्रबंधन ने माताओं का भी कम्पीटिशन करवाया । स्कूल प्रबंधन की सदस्य रुचिका बत्रा ने अपने सम्बोधन में के गुणों का वर्णन करते हुए कहा कि माँ वो है जो हमें जीना सिखाती है, दुनिया में वो पहला इन्सान जिसे हम मात्र स्पर्श से जान जाते है वो होती है माँ, 9 महीने तक अपने पेट में रखने के बाद, इनती परेशानियों के बाद वो हमें जन्म देती है। उन्होंने कहा कि माँ के लिए तो उसकी पूरी दुनिया उसके बच्चे ही होते है. छोटे हो या बड़े माँ को हर वक्त अपने बच्चे की चिंता होती है। इस अवसर पर डॉक्टर मनोज ने कहा कि किसी भी संतान के लिए माँ से बड़ी शिक्षक अथवा शुभचिंतक और कोई नहीं हो सकता। इस अवसर पर चेयरमैन सुरेश बत्रा,शालू वाधवा,अमित बत्रा,रजनी जैन,पीयूष जैन सीए सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 'पंजाब की जनता 'आप' सरकार से खुश'

## केजरीवाल के बंगले में लगे फर्नीचर से लेकर क्रॉकरी तक मैंने खरीदा, 28 लाख के तो तकिए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय पर शनिवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रेस वार्ता कर कहा कि जालंधर लोकसभा सीट पर आज चुनाव के नतीजे आए हैं। इस पर आम आदमी पार्टी की ऐतिहासिक जीत हुई है। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील रिंकू ने भरी मतों के अंतर से जीत दर्ज की है। पिछले 50-60 साल से कांग्रेस जीतती रही थी। आम आदमी पार्टी कांग्रेस के गढ़ में सेंध मारकर जीती है। उन्होंने कहा कि पिछले साल पंजाब में हमारी सरकार बनी थी। करीब एक साल बाद यह चुनाव हुआ है। किसी भी नई सरकार के लिए पहला साल सबसे कठिन होता है। पुरानी सरकारों ने जो गलत काम किए थे, वह हमें विरासत में मिले थे। इसके अलावा कई समस्याएं थीं। उन समस्याओं को ठीक करते-करते आम आदमी







पार्टी की भगवंत मान सरकार ने सकारात्मक माहौल तैयार किया। आगे केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में पिछले साल 92 सीट जीतकर हमने सरकार बनाई थी। आम आदमी पार्टी की करीब सवा साल पहले जबरदस्त लहर थी। जालंधर की लोकसभा सीट में 9 विधानसभा आती हैं। उस लहर में भी हम 9 में से केवल 4 विधानसभा सीट जीत पाए थे और 5 कांग्रेस के पास चली गईं थीं। कांग्रेस का यह इतना बड़ा गढ़ था कि विधानसभा चुनाव में

### लोग सकारात्मक राजनीति को पसंद कर रहे हैं: सीएम

**यह** अच्छे संकेत है कि लोग सकारात्मक राजनीति को पसंद कर रहे हैं। इसकी शुरूआत दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने से हुई थी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जो काफिला रामलीला मैदान से शुरू किया था, वह आज राष्ट्रीय पार्टी के रूप में बहुत बड़ा बन गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब विधानसभा में हमारे 92 विधायक और दिल्ली विधानसभा में 63 विधायक हैं। इसके अलावा गुजरात विधानसभा में 5 और गोवा विधानसभा में 2 विधायक हैं।

जबरदस्त आम आदमी पार्टी की लहर में भी कांग्रेस 5 सीट जीत गई थी। लेकिन आज उन 9 में से 7 विधानसभा क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी ने जीतीं हैं। केवल जालंधर सेंट्रल और नॉर्थ की सीटों पर हम थोड़ा पीछे रहे हैं। पिछले साल विधानसभा के चुनाव में पूरे पंजाब के अंदर 42 फीसदी मत मिले थे। लेकिन जालंधर में सिर्फ 28 फीसदी मिले थे जो आज यह वोट प्रतिशत बढ़कर 34 फीसदी हो गया है।
पिछली बार विधानसभा चुनाव में चार विधानसभा सीट शाहकोट, आदमपुर, फिल्लौर और जालंधर नॉर्थ पर हम तीसरे नंबर पर थे। लेकिन आज इन 4 में से 3 सीटों पर हमें जीत मिली है और एक सीट पर दूसरे स्थान पर रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में जालंधर सीट पर केवल हमें केवल ढाई प्रतिशत वोट मिले थे लेकिन आज हमें 34 फीसदी वोट मिले हैं।

# सात घंटों की तैयारी के बाद की गई टिल्लू ताजपुरिया की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
गैंगस्टर जितेंद्र गोगी के साथ दुश्मनी की शुरूआत होने के बाद से ही गोगी गैंग के बदमाश टिल्लू ताजपुरिया की हत्या करना चाहते थे। कई बार उनलोगों ने हत्या की साजिश रची, लेकिन कामयाब नहीं हो पाए। तिहाड़ जेल में टिल्लू के आते ही महज सात घंटे की तैयारी के बाद घटना को अंजाम दे दिया। स्पेशल सेल के गिरफ्त में आए टिल्लू के चारों हत्यारों ने पुलिस को बताया है कि उनलोगों ने हत्या की कैसे तैयारी की और उसे अंजाम तक कैसे पहुंचाया। चारों हत्यारों योगेश टूंडा, दीपक तीतर, रियाज खान और राजेश बवानिया ने खुलासा किया कि 22 अप्रैल को टिल्लू को तिहाड़ जेल संख्या 8 में लाया गया। उनका सेल टिल्लू के सेल के ऊपर था। टिल्लू के जेल में आते ही सभी हत्यारे उसकी रेकी करने लगे। हत्यारों ने सबसे पहले इस बात पता लगाया कि वह कब अपने सेल से बाहर आता है और वह कैसे उसके पास पहुंच सकते हैं।





पता चला कि सुबह जब सेल को खोला जाता है तभी उसपर हमला किया जा सकता है। इसके लिए उनको अपने सेल से निकलने का तरीका ढूंढना था। रियाज जेल के बाहर वेल्डिंग का काम करता था और वह पहले भी तिहाड़ में सलाखें तोड़ चुका था। इसलिए इस काम में रियाज को लगाया गया। रियाज ने बताया कि सलाखों को तोड़ने के लिए सबसे पहले उनलोगों ने सेल में जंग लगे रॉड को चुना। इस बीच दीपक तीतर और योगेश टूंडा चाकू को तैयार करने में जुट गए। इसके लिए उनलोगों ने बैरक में लगे एग्जॉस्ट फैन को खोला। फिर उसके चार क्लिप निकाले। उसको नुकीला और धारदार हथियार बनाने के लिए उनलोगों ने वॉशरूम से एक टाइल्स की खुरदरी साइड पर घिसना शुरू किया।
साजिश का किसी को पता न चले इसलिए कैदियों के सोने के बाद करीब रात 11 बजे से उनलोगों ने यह काम शुरू किया। करीब सात घंटे की मशक्कत उनलोगों ने हथियार तैयार कर लिया और रॉड को इतना टेढ़ा कर दिया, जिससे आसानी से बाहर निकल सकें।

# प्रचंड गर्मी, सीजन का सबसे गर्म दिन रहा शुक्रवार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
मौसम में आए बदलाव के बाद शुक्रवार को पारा बढ़कर 42 डिग्री को पार कर गया। यह इस सीजन का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया है। शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक रहा। वहीं साल 2018 के बाद 12 मई दूसरी बार पारा 42 डिग्री के पार गया है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के मुताबिक दिल्ली का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक था। वहीं न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री रहा जो सामान्य से छह डिग्री कम है। वहीं दिल्ली का नजफगढ़ इलाका सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24.9 डिग्री रहा। वहीं एनसीआर की बात करें तो दिल्ली के मुकाबले कुछ बेहतर रहा। अधिकतम तापमान गुरुग्राम में 42.5 डिग्री, नोएडा में 41.9 डिग्री दर्ज किया गया। केंद्र ने अनुमान जताया है कि शनिवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। शाम या रात में धूल भरी आंधी चल सकती है। कुछ जगहों पर गर्म हवाएं चलने का भी अनुमान है। अधिकतम तापमान 43 और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। शनिवार को दिल्ली में मुख्य सतही हवाएं उत्तर-पश्चिम, पश्चिम दिशा से चलीं। वहीं रविवार को दिल्ली में 30 से 40 की गति से दिन के समय तेज हवाएं चल सकती हैं। केंद्र के अनुसार दिल्ली में 15 मई के बाद कुछ सुधार हो सकता है। अनुमान है कि 16 मई को कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हो। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिन में चली हवाओं के कारण प्रदूषण स्तर में सुधार हुआ। शुक्रवार को दिल्ली का प्रदूषण सूचकांक 227 दर्ज किया गया।

# जिस कुत्ते की बचाई जान, उसी ने किया घायल

**नई दिल्ली।** दमकल विभाग के कर्मी सिर्फ आग ही नहीं बुझाते बल्कि नाले में कोई जानवर गिर जाए या पेड़ पर कोई पक्षी फंस जाए तो उस कॉल पर पहुंचकर उनकी जान बचाते हैं, लेकिन डाबड़ी इलाके में एक कुत्ते को बचाने के लिए नाले में उतरे एक दमकलकर्मी के लिए महंगा साबित हो गया। जब नाले में फंसे कुत्ते को बचाकर बाहर निकाला, तो उसी कुत्ते ने दमकलकर्मी पर हमला करके उसे घायल कर दिया।

# मोबाइल चोर गिरोह का पर्दाफाश, 41 मोबाइल फोन बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शाहदरा जिला पुलिस ने दिल्ली से मोबाइल की झपटमारी करने के बाद उसे नेपाल में बेचने वाले एक गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 41 मोबाइल फोन और दो सोने की चेन बरामद की हैं। पुलिस गैंग के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। बदमाशों की पहचान पूर्वी गोकलपुरी निवासी विशाल, उत्तर प्रदेश के बागपत निवासी सागर, वेलकम निवासी मुज्मील काजमी और रोहतास नगर निवासी शुभम के



रूप में हुई है।
**गाजियाबाद के रहने वाले शख्स से हुई दिल्ली में झपटमारी:** पुलिस को 27 अप्रैल को विवेक विहार में ईएसआई अस्पताल के पास झपटमारी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को शिकायतकर्ता सुनील जैन ने बताया कि वह गाजियाबाद के रामपुरी में रहते हैं और अपनी मां के साथ विवेक विहार के गोल्डन बैंक्वेट हॉल में आयोजित एक समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। लौटने के दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उनकी मां के गले से सोने की चेन झपट ली। पुलिस मामले की छानबीन शुरू की।
**दिल्ली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की:** इसी दौरान विवेक विहार और आनंद विहार में दो और वारदातों की सूचना मिली। जिले के स्पेशल स्टॉफ टीम ने मामले की जांच की जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से लेकर करीब 12 किलोमीटर तक लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। इस दौरान पुलिस ने विशाल की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसके साथी सागर को पकड़ लिया।
**पूछताछ में छपटमारों ने किया गैंग का खुलासा:** २२२पूछताछ में उन्होंने बताया कि झपटमारी के बाद मोबाइल फोन को वेलकम निवासी मुजम्मील और चेन रोहताश नगर निवासी शुभम को बेचते हैं। इस सूचना के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# हज यात्रियों की सेवा के लिए 129 महिला कर्मियों को भेजा जा रहा है सऊदी अरब: स्मृति ईरानी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने लोधी रोड स्थित स्कोप कांप्लेक्स में हज-2023 के प्रतिनियुक्तियों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया है। इस कार्यक्रम में हज यात्रियों की सेवा के लिए सऊदी अरब जाने वाले सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों, सेना और अर्धसैनिक बलों, प्रशासनिक अधिकारियों समेत स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस मौके पर हज गाइडलाइन का भी विमोचन किया गया। उद्घाटन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए स्मृति ईरानी ने बताया कि इस बार बड़ी संख्या में महिला सरकारी कर्मचारी को सऊदी अरब हज यात्रियों की सेवा के लिए भेजा जा रहा है। उनका कहना है कि हज यात्रा के इतिहास में ऐसा पहली बार किया जा रहा है। इस वर्ष भारत से 175000 हज यात्री जाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। इसमें से 140000 हज यात्री हज कमेटी के माध्यम से जबकि बाकी प्राइवेट टूर ऑपरेटरों के माध्यम से हज यात्रा पर जाएंगे। हज यात्रियों को यात्रा के दौरान सऊदी अरब में किसी भी तरह की कोई मुश्किल और परेशानी का सामना न करना पड़े, इसलिए देश के विभिन्न हिस्सों से 173 व्यक्तियों पर आधारित स्वास्थ्य कर्मियों का दल और 129 एडमिनिस्ट्रेटिव अधिकारियों का दल वहां पर भेजा जा रहा है। इसी तरह 450 लोगों पर आधारित खुद्दाम (सेवादारों) का एक दल भी भारत से रवाना किया जाएगा जिसमें 129 महिला कर्मियों का चुनाव किया गया है।

# केशवपुरम मेट्रो स्टेशन के पास मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तर पश्चिमी जिले के केशव पुरम थाना इलाके में शनिवार सुबह मेट्रो स्टेशन के नजदीक सड़क किनारे एक अज्ञात शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने फौरन इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस को दी गई सूचना में बताया गया कि केशव पुरम मेट्रो स्टेशन के पास सड़क किनारे एक शव पड़ा है। इसको देख कर लग रहा है कि किसी वाहन ने इसे कुचला है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस जब पहुंची तो शव की हालत को देखकर लग रहा था कि इसके ऊपर से कई वाहन गुजर चुके हैं।


# वेब सीरीज फर्जी की तरह छप रहे थे नोट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
स्पेशल सेल ने लोनी में नकली नोट छापने की फैक्टरी का पदार्फाश कर तमिलनाडु निवासी प्रशांत उर्फ विराट को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से 6,71,500 रुपये के नकली नोट बरामद किए गए हैं। साथ ही नोट छापने का सामान बरामद किया गया है। स्पेशल सेल पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन सिंह के अनुसार, इंस्पेक्टर विनय पाल व अरविंद सिंह की टीम गैंगस्टर पर नजर बनाए हुई थी। इस दौरान सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति दिल्ली-एनसीआर में नकली नोट छापने व उन्हें खपाने में लगा हुआ है। पता चला कि प्रशांत नकली नोट लेकर इंद्रप्रस्थ पार्क आएगा। एसीपी ललित मोहन नेगी की देखरेख में इंस्पेक्टर विनय व अरविंद सिंह की टीम ने घेराबंदी कर प्रशांत को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 2000, 500 व 200 के नकली नोट बरामद हुए। प्रशांत 100 का नकली नोट 30 रुपये में बेचता था। मौके से बरामद पेपर से पांच करोड़ रुपये के नकली नोट छापे जा सकते थे।
**जेल में सीखा नोट बनाना:** पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रशांत ने 10वीं में पढ़ाई छोड़कर एसी रिपेयर का काम सीखा था। लोनी की सिहानी थाना पुलिस ने उसे वर्ष 2015 में चोरी की बाइक के साथ पकड़ा था।
जेल में उसकी मुलाकात नकली नोट छापने वाले अमित से हुई। अमित ने उसे नकली नोट छापने व बाजार में खपाना बताया। गाजियाबाद व मेरठ पुलिस ने उसे एक-एक बार नकली नोट पहले भी गिरफ्तार कर चुकी हैं।

# कंझावला मामले में आरोपित दीपक को कोर्ट से मिली जमानत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने कंझावला हिट एंड रन केस में आरोपित दीपक खन्ना को जमानत दे दी है। बता दें पहली जनवरी की तड़के रात को अंजलि को कार सवार चार युवकों ने टक्कर मारने के बाद कई किलोमीटर तक घसीटा था। वह कार में फंस हुई थी। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हुई थी। एडीशनल सेशन जज नीरज गौड़ ने वकील द्वारा दिए गए तथ्यों और दलीलों पर विचार करने के बाद आरोपी दीपक खन्ना को जमानत दे दी। जमानत देते समय कोर्ट ने कहा, "आरोपित के खिलाफ आरोपों से यह पता नहीं चलता है कि वह धारा 302 आईपीसी के



तहत गंभीर अपराध के लिए अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ साजिश में था। कोर्ट ने कहा, "उसके खिलाफ चार्जशीट केवल आईपीसी की धारा 201/212/182 के तहत इन अपराधों को करने की साजिश है। आईपीसी की धारा 201/212/182 के तहत अपराध जमानती अपराध हैं।" एएसजे नीरज गौर ने कहा, "जमानती अपराधों के मामले में जमानत अनिवार्य रूप से दी जानी चाहिए। आरोपित दीपक खन्ना की ओर से वकील जेपी सिंह पेश हुए। उन्होंने कहा कि आरोपित 1 जनवरी, 2023 से हिरासत में है। सह-आरोपी अंकुश खन्ना और आशुतोष भारद्वाज को अदालत ने पहले ही जमानत दे दी है। दीपक पर लगे आरोप वही हैं, जो उपरोक्त दोनों आरोपियों के हैं। आरोपित के वकील सिंह ने तर्क दिया कि आवेदक दीपक को किसी भी गैर-जमानती अपराध के लिए चार्जशीट नहीं किया गया है और वह अधिकार के मामले में जमानत का हकदार है। दूसरी ओर अतिरिक्त लोक अभियोजक (एपीपी) ने इस आधार पर जमानत याचिका का विरोध किया कि आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। एपीपी ने तर्क दिया कि आरोपित गंभीर अपराधों के संबंध में अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ साजिश में था।

# रिजल्ट में कम नंबर आने पर 12वीं की दो छात्राओं ने दी जान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सीबीएसई की ओर से बीते शुक्रवार को परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए। जिसके बाद देश के कई राज्यों से छात्रों के द्वारा आत्महत्या की खबरें सामने आईं। ताजा मामला दिल्ली का बताया जा रहा है। जहां पर 12वीं कक्षा की दो छात्रों ने आत्महत्या कर ली है। एक मामला सुल्तानपुरी से है तो वहीं दूसरा मामला हरि नगर का है। मिली जानकारी के मुताबिक, सुल्तानपुरी इलाके में 12वीं कक्षा की एक छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। छात्रा के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि छात्रा परीक्षा में फेल हो गई थी। परिणाम आने के बाद से छात्रा तनाव में थी। दूसरी तरफ हरि नगर इलाके में भी एक 12वीं कक्षा की छात्रा ने आत्महत्या कर ली है। छात्रा के परीक्षा में कम नंबर आए थे। जिससे वह परेशान हो गई थी और जिसके बाद छात्रा ने खुदकुशी कर ली। इस छात्रा के पास से भी पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सीएम अरविंद केजरीवाल के शिक्षा मॉडल की खुली पोल: कांग्रेस


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि सीबीएसई में 12 कक्षा के परिणामां ने दिल्ली में केजरीवाल का शिक्षा मॉडल एक बार फिर धराशाही हो गया है, क्योंकि 12वीं कक्षा के बाद छात्र अपने भविष्य संवारने की रुपरेखा तैयार करते है जिसमें आम आदमी पार्टी का शिक्षा नीति पूरी तरह विफल हो गई। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों के छात्रों का 12वीं कक्षा पिछले वर्ष का परिणाम जहां 96.29 प्रतिशत था वह इस वर्ष 5 प्रतिशत गिरकर सिर्फ 91.59 प्रतिशत रह गया है, जो दिल्ली के अभिभावकों के लिए चिंता का विषय है। यदि 2021 के परिणामों से तुलना की जाए तो यह गिरावट



8.36 प्रतिशत की हो जाती है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि सरकारी स्कूलों ने सीबीएसई की 10वीं कक्षा का परिणाम 93.12 प्रतिशत है जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.28 प्रतिशत की गिरावट है। 2021 के परिणाम देखे तो उस वर्ष पास प्रतिशत 97.52 था। केजरीवाल सरकार की शिक्षा मंत्री वर्तमान परिणामों की बात तो कर रही है परंतु एक वर्ष पिछले परिणाम को नही देख रही जिसके अनुसार परिणामों में पास छात्रों का एक बड़े अंतर में गिरावट आई है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों की सच्चाई है कि यहां बुनियादे ढ़ांचे और शिक्षकों की कमी के कारण छात्रों को शिक्षा की वह गुणवत्ता प्रदान नही की जाती जिसकी उनको भविष्य में काबिल बनने के लिए जरुरत होती है।
उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री दिल्ली के अभिभावकों को बधाई दे रही है, क्या वह दिल्ली की जनता को बता सकती है कि भविष्य में प्रतिस्पर्धा के लिए साईंस और कॉमर्स जैसे विषयों की पढ़ाई 50 प्रतिशत स्कूलों में नही पढ़ाई जाती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर में भारी गिरावट आई है। चौ0 अनिल कुमार कहा कि सरकारी स्कूलों 40 प्रतिशत टीचरां की कमी है और 50 प्रतिशत स्कूलों में साईंस और कॉमर्स की पढ़ाई नही होती, यह दिल्ली के बच्चों के लिए सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के पास शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए कोई नीति नही है सिर्फ प्रचार के आधार पर ही शिक्षा मॉडल का बखान करते है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली इस कदर बरपा गई है कि वर्ष 2022-23 में 9वीं और 11वीं कक्षा के 30 प्रतिशत छात्र फेल हो गए थे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के पास शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए कोई नीति नही है सिर्फ प्रचार के आधार पर ही शिक्षा मॉडल का झूठा बखान करते है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली में शिक्षा मॉडल का ढ़ोल पीटने वाली दिल्ली की अरविन्द केजरीवाल सरकार ने 2400 अत्याधुनिक क्लारुम बनाने में भारी भ्रष्टाचार किया।

# जग प्रवेश चंद्र हॉस्पिटल की 5वीं मंजिल पर लगी आग, मरीजों में अफरातफरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के शास्त्री नगर इलाके के जग प्रवेश चंद्र अस्पताल की 5वीं मंजिल पर आग लगने की खबरे सामने आई है। आग की सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया है। आग अस्पताल की 5वीं मंजिल के कॉन्फ्रेंस रूम में लगी थी। एक घंटे में आग बुझाई गई। शुरूआती रिपोर्ट के मुताबिक, आग फर्नीचर एसी में लगी थी। मीटिंग रूम में फाल्स सीलिंग और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। दिल्ली पुलिस के एसआई अजय



घटनास्थल पर मौजूद थे। वहीं अस्पताल के सीएमओ डॉक्टर अंकित मौके पर थे। जानकारी के लिए बता दें कि बीती रात करीब 12 बजकर 15 मिनट पर अस्पताल की 5वीं मंजिल पर आग लग गई। ये आग कॉन्फ्रेंस रूम में लगी थी। जब रूम से धुंआ निकलने लगा तो वहां मरीजों के बीच अफरातफरी का माहौल बन गया। इसके बाद अस्पताल की बिजली भी काट दी गई। कई मरीजों को दूसरी जगह पर शिफ्ट भी किया गया।

# कर्नाटक में हुई महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार पर जनता की जीत : भूपेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)**। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कर्नाटक में कांग्रेस की अप्रत्याशित जीत को जनता की जीत बताते हुए कहा कि यह जीत महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार पर जनता की जीत है। देश के अंदर कांग्रेस की लहर चल उठी है और अब हरियाणा सहित हर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि अब इस जनविरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल लें और जन-जन को इस सरकार का असली चेहरा दिखाने का काम करें। श्री हुड्डा शनिवार को फरीदाबाद के सराय टोल प्लाजा पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला के नेतृत्व में आयोजित स्वागत समारोह में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान, उपनेता प्रतिपक्ष विधायक आफताब अहमद मौजूद थे। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने बड़ी माला पहनाकर पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र हुड्डा का स्वागत किया और लड्डू खिलाकर उन्हें कर्नाटक में हुई प्रचण्ड जीत की बधाई दी। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी ने महंगाई, भ्रष्टाचार व बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ा और आज पूरे देश की जनता इन समस्याओं से ग्रस्त है, भाजपा सरकार ने आठ सालों में केवल कागजों में विकास की बातें करके लोगों को गुमराह करने का काम किया है, लेकिन जनता अब इस सरकार की कथनी और करनी को भली भांति जान चुकी है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने कहा कि कर्नाटक की जीत से कांग्रेस कार्यकताओं में एक नए जोश का संचार हुआ है और जनता ने जनादेश दे दिया है कि आने वाले समय में देश और हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। उन्होंने श्री हुड्डा को विश्वास दिलाया कि फरीदाबाद में कांग्रेस संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है और आने वाले चुनावों के लिए कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन अब्दुल गफ्फार कुरेशी, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, रोहित सिंगला, फरीदाबाद युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नितिन सिंगला, खुशबू खान प्रदेश महासचिव महिला सेवादल, रचना भसीन प्रदेश महासचिव, लाला शर्मा, तुलसी प्रधान, महेंद्र प्रधान, रमेश गौतम, निशा गौतम, महेश बैंसला, किशन चौहान जिलाध्यक्ष एनएसयूआई, सलीम खान, अमित बंसल सहित अनेकों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजदू थे।

# विधायक राजेश नागर ने खेड़ी कलां गांव में जोहड़ का किया समाधान




**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)**। खेड़ी कलां गांव में लोगों से जोहड़ ओवरफ्लो होने की जानकारी मिलने पर विधायक राजेश नागर ने यहां तुरंत जोहड़ को खाली करवाने और साफ सफाई करवाने के काम की शुरूआत करवाई। इसके बाद यहां जोहड़ की चाहरदीवारी बनाने का काम चालू किया जाएगा। विधायक को स्थानीय लोगों से जानकारी हुई थी कि उनके गांव का जोहड़ ओवरफ्लो हो रहा है। जिससे गंदा पानी उनके घरों में घुस रहा है और उन्हें बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे उन्हें निजात दिलवाई जाए। विधायक राजेश नागर ने पता किया कि जोहड़ की सफाई न होने से पानी ओवरफ्लो हो रहा है, वहीं जोहड़ में लोग अपना कचरा भी डाल देते हैं। जिससे दिक्कत हो रही है। उन्होंने नगर निगम द्वारा तुरंत जोहड़ की सफाई करने, जोहड़ को खाली करने के काम की आज शुरूआत करवाई जिसके लिए स्थानीय बुजुर्ग के हाथों में नारियल फुड़वाया गया। विधायक राजेश नागर ने बताया कि करीब दो सप्ताह में यह काम पूरा कर लिया जाएगा। जिसके बाद जोहड़ की चाहरदीवारी करवाकर इसके सौंदर्यीकरण का काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र के हर हिस्से में विकास कार्य जारी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश में पारदर्शिता से जारी रहेगा विकास का क्रम: देवेंद्र सिंह बबली

**टीम एक्शन इंडिया/ गुरुग्राम**। विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व व मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीणों की परेशानियों को दूर करना सरकार की प्राथमिकता है। गांवों में जरूरत के कामों को प्राथमिकता से पूरा कर देने मात्र से ही धीरे धीरे गांव विकसित हो जाएंगे लेकिन जरूरत प्राथमिकता तय करने की है। यह बात उन्होंने शनिवार को गांव राठीवास में श्री शनिदेव के मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में कही। इस दौरान पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता व जिला परिषद की प्रमुख दीपाली चौधरी भी उनके साथ मौजूद रही। मंत्री देवेंद्र ङ्कसह बबली ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निरन्तर चल रही विकास यात्रा प्रदेश के विकास की बुनियाद को और अधिक सशक्त करेंगी। पंचायत मंत्री ने कहा कि शहरों की तर्ज पर अब गांवों में भी सामुदायिक केंद्र बनाए जाएंगे। हरियाणा सरकार पहले बड़ी आबादी वाले गांवों से इस योजना की शुरूआत करेगी। इसके बाद यदि कम आबादी वाले चार से पांच गांव मिलकर एक गांव में सामुदायिक केंद्र बनाने का प्रस्ताव पारित करते हैं तो उस पर भी अमल किया जाएगा। पंचायत मंत्री ने इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास का क्रम पूरी पारदर्शिता के साथ जारी रहेगा। उन्होंने ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों से कहा कि उनकी जो भी समस्याएं है वे उनके सामने रख सकतें है।

### आम आदमी पार्टी अगले दो-तीन दिन में करेगी संगठन की घोषणा: अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/ रोहतक**। जालंधर लोकसभा उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत ने पंजाब में भगवंत मान सरकार के काम पर मोहर लगा दी। अब लोकसभा में भी आम आदमी पार्टी की आवाज गूंजेगी। ये बात आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कही। वे शनिवार को सोनीपत रोड स्थित जोन कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जालंधर की जीत ने आम आदमी पार्टी की ईमानदार और काम की राजनीति पर मोहर लगा दी। उन्होंने कहा कि जालंधर लोकसभा सीट की 9 में से 7 विधानसभाओं में आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज की है। 60 साल पुराना कांग्रेस का गढ़ टूट गया। अब बारी रोहतक, सोनीपत और झज्जर की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोगों का वोट लेकर कोई काम नहीं किया। लोगों का भरोसा तोड़ने का काम किया है। अनुराग ढांडा ने कहा कि आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी बनने के बाद पूरे देश में तेजी से बढ़ रही है। उत्तर भारत के अलावा दक्षिण भारत में तेजी से पार्टी का विस्तार हो रहा है। यूपी के निकाय चुनावों में भी नगर पालिका चेयरमैन और नगर पंचायत अध्यक्षों के काफी पदों पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का संगठन अगले दो-तीन दिन में घोषित किया जायेगा। अब आम आदमी पार्टी 2024 के चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर रखते हुए हरियाणा में संगठन निर्माण करेगी।

### खट्टर के नकली जनसंवाद के खिलाफ लोगों में नाराजगी: डॉ. सुशील गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**। सिरसा के गांव खैरकां में शनिवार को मुख्यमंत्री खट्टर के जनसंवाद कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा सवाल पूछे जाने पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। इसको लेकर आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने मुख्यमंत्री खट्टर की कड़े शब्दों मे निंदा की है। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार तानाशाही दिखा रही है। नकली जनसंवाद के खिलाफ लोगों में रोष बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री खट्टर को जनसंवाद में भाजपा के ही कार्यकताओं से सवाल जवाब करने हैं तो, बंद कमरे में ही क्यों नहीं कर लेते। खट्टर सरकार ऐसे नकली जनसंवाद करना और प्रदेश की जनता को गुमराह करना बंद करे। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं की ओर से सीएम मनोहर लाल खट्टर से वाजिब और जनता से जुड़े सवाल पूछे गए। जोकि मुख्यमंत्री खट्टर को रास नहीं आया और उनको सवाल पूछने से पुलिस जरिए बल का प्रयोग कर रोका गया।

# मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद ने मरीजों को अपने अनुभव साझा




**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)**। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद ने सर्जरी से पहले और बाद में अपने अनुभवों को साझा करने के लिए मरीजों को आमंत्रित करके लिवर प्रत्यारोपण की सफलता का जश्न मनाया। इस मौके पर मरीजों को एक ऐसा मंच मिला जहां उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया कि वे लीवर ट्रांसप्लांट टीम के साथ कैसे जुड़े, सर्जरी के बाद उनकी जीवन शैली क्या है, और समाज को उनका इतना कहना है कि स्वास्थ्य कितना महत्वपूर्ण है और स्वास्थ्य चुनौतियों से मुक्त जीवन कितना बेहतरीन है। मरीजों के साथ टीम का नेतृत्व मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में लिवर ट्रांसप्लांट विभाग के डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. पुनीत सिंगला ने किया। उनके साथ डॉ ऋषभ जैन, डायरेक्टर, एनेस्थेटिस्ट और आईसीयू केयर, और सर्जरी, एनेस्थीसिया और आईसीयू में टीम के अन्य सदस्य शामिल हुए। लिवर व्यक्ति के शरीर में सबसे बड़े अंगों में से एक है और भोजन का पाचन, रोग प्रतिरोधक क्षमता और मेटाबॉलिज्म (भोजन को पचाकर ऊर्जा में बदलने की प्रक्रिया) को ठीक बनाए रखने, रक्त को शुद्ध बनाने और विषाक्त पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने, विटामिन और खनिजों को जमा करने और शरीर में पोषक तत्वों को इका करने जैसे कुछ सबसे महत्वपूर्ण कार्य करता है। लिवर के ये सभी फंक्शन विभिन्न कार्यों और गतिविधियों को करने के लिए शरीर को ऊर्जा प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। लिवर खराब होने की आखिरी स्टेज में मरीज को लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है। ट्रांसप्लांट की नौबत जीवनशैली से जुडी कुछ स्वास्थ्य समस्याओं (मोटापा, हाई, डायबिटीज), संक्रमण की चपेट में आने और लिवर की बीमारी के कारण भी आ सकती है। पंजाब से क्रॉनिक लिवर फेलियर, किडनी फेलियर, कोविड, मल्टीपल बीपी सपोर्ट मेडिसिन और पेट की दीवार से खून बहने की समस्या के साथ 40 वर्षीय सतविंदर सिंह (बदला हुआ नाम) मरीज डॉ. पुनीत के पास लाया गया था। ऐसे मरीजों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना (शिफ्ट करना) अपने आप में एक कठिन और जोखिम भरा काम है; उन्हें लगभग 400 किलोमीटर से सफलतापूर्वक स्थानांतरित कर दिया गया। मरीज को आईसीयू में कई विशिष्ट टीमों द्वारा सामान्य किया गया था। मरीज की पत्नी ने अपने उसे अपना लिवर डोनेट किया जो मरीज में सफलतापूर्वक ट्रांसप्लांट किया गया। वर्तमान में, मरीज पूरी तरह से ठीक हो गया है और फिर से सामान्य जीवन जी रहा है, अपने व्यवसाय में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। डोनर भी सामान्य जीवन जी रही है।

यह मामला कई बीमारियों के एक साथ होने के कारण काफी चुनौतीपूर्ण था, सर्जन की टीम को एक बहुत ही बीमार मरीज की एक उच्च जोखिम वाली सर्जरी करनी थी। जिस गंभीर स्थिति में मरीज को हॉस्पिटल में लाया गया था, इलाज न मिलने पर 1-2 दिनों में उस स्थिति में मरीज की जान जा सकती थी।

# निशुल्क दवाइयां वितरित की गयी




**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)**। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया द्वारा थेलासीमिया ग्रस्त बच्च्चो को सेक्टर 15 फरीदाबाद के सामुदायिक केंद्र में निशुल्क दवाइयां वितरित की गयी। साथ ही बच्चो को सुविधा पूर्वक रक्त चढ़ाने के लिए निशुल्क फिल्टर्स भी दिए गए। इस अवसर पर आर. डब्लू. ए. सेक्टर 15 के प्रधान श्री नीरज चावला, आर डब्लू ऐ सेक्टर 7 ए फरीदाबाद के प्रधान बी. पी.एस. उप्पल, श्री दिनेश भोला, श्री ध्रुव बतरा जी ने उपस्तिथ होकर बच्चो का ० संस्था के पदाधिकारियों का उत्साह बढ़ाया। दवाइयों के लिए समाज सेवक श्री बी. आर. भाटिया, श्री मुकेश अग्रवाल, शिवालिक सी. एस. आर. फाउंडेशन, श्री गुलशन भाटिया, श्री लक्ष्मण कुकरेजा, श्रीमति अनीता जैन [ सदस्य अंतरराष्ट्रीय इनर व्हील क्लब ] श्रीमती माला ऋषि चेयरमैन इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 301, श्रीमती संदीपिका वशिष्ठ प्रधान इनर व्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन फरीदाबाद, समाज सेवक श्री जितेंद्र भाटिया बंटी [होटल डिलीट], समाज सेवक श्री दीपक भसीन, समाज सेविका श्रीमती रुपाली बतरा, श्रीमती मोनिका कोहली [मॉडल एक्टर] का विशेष सहयोग रहा। सभी बच्चो के नाश्ते का प्रबन्ध परफेक्ट बेक ० आर डब्लू ऐ सेक्टर 15 के द्वारा किया गया जिसका बच्चो ० उनके अभिभावकों ने आनंद लिया।

# जींद में चार माह की गर्भवति हुई नाबालिग

जींद, 13 मई (हि.स.)। जींद शहर की एक कॉलोनी में उत्तर प्रदेश के रहने वाले परिवार में 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। किशोरी जब चार माह की गर्भवती हुई, तब जाकर मामले का पता चला। महिला थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में उत्तर प्रदेश के भरतपुर इलाके के एक व्यक्ति ने बताया कि वह काफी सालों से यहां रह रहे हैं और रेहड़ी आदि लगाकर अपना गुजार कर रहा है। घर में उसकी पत्नी, बेटी भी हैं। उनके साथ ही उपरायरा बदाऊं का बृजम भी रह रहा था।

# बजरंग बली व जनता के आर्शीवाद से कांग्रेस पार्टी की जीत : सुमित गौड़



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)**। कर्नाटक में कांग्रेस की प्रचण्ड बहुमत की जीत से पूरे देश के कांग्रेसियों में जोश का माहौल बना हुआ है। इसी कड़ी में हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ के संयोजन में सेक्टर-10 स्थित कांग्रेस कार्यालय पर लड्डू बांटकर व पटाखे जलाकर कांग्रेस कार्यकताओं ने कर्नाटक की जीत का जश्न मनाया। इस दौरान भारी संख्या में लोग कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और सुमित गौड़ सहित अन्य कांग्रेसजनों को कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर बधाई दी। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय सोलंकी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बाबूलाल रवि, प्रवक्ता व कांग्रेसी नेता अशोक रावल, युवा समाजसेवी प्रदीप भट्ट, युवा कांग्रेसी नेता महेश पंत, किशन शर्मा, ओमपाल शर्मा, शक्ति सिंह चौहान, कपिल बघेल, ललित, किशन कोहली, कपिल वत्स, क्षितिज सोलंकी, कुलदीप सहरावत सहित अनेकों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकताओं ने ह्यअभी तो दक्षिण की झांकी है, अभी पूरा देश बाकि हैह्न ह्यकांग्रेस पार्टी जिंदाबादह्न के गगनभेदी नारे लगाकर पूरे माहौल को कांग्रेसमय कर दिया। इस मौके पर सुमित गौड़ ने कहा कि कर्नाटक में जीत जनता के विश्वास की जीत है, भाजपा सरकार अक्सर हिन्दू-मुस्लिम व राममंदिर के माध्यम से लोगों को गुमराह करती है और इस बार उन्होंने कर्नाटक में बजरंग बली के नाम का सहारा लिया, जबकि बजरंग बली ऐसे भगवान है, जो हाथों हाथ काम तमाम कर देते है, जिस प्रकार उन्होंने रावण की लंका जला दी, उसी प्रकार कर्नाटक में भाजपा की गलत भावना को देखते हुए उनकी करारी हार करके उन्हें सच्चाई का आइना दिखा दिया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जीत ने कांग्रेस कार्यकताओं में नए जोश का संचार किया है।

# एसवीएसयू सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने बनाया कीर्तिमान



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)**। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के एसवीएसयू सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम शत-शत रहा। रिया सौरोत ने 95.60 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि 91 फीसदी अंकों के साथ निकिता दूसरे स्थान पर रही। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिला कर बधाई दी। यह देश का पहला इनोवेटिव स्किल स्कूल है और यह दसवीं कक्षा का पहला बैच निकला है। परिणाम के लिहाज से एसवीएसयू सीनियर सेकेंडरी स्कूल पलवल जिले के टॉप स्कूलों में शुमार हो गया है। दसवीं में कुल 34 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, इनमें से न केवल सभी ने परीक्षा पास की, बल्कि तीन विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए। प्राचार्य डॉ. जलबीर सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को पारंपरिक विषयों के अलावा चार स्किल विषय पढ़ाई गए। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, मल्टी स्किल फाउंडेशन कोर्स और फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल में अव्वल रही रिया सौरोत और देवकरण ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय में 100 में से 100 अंक हासिल किए हैं। अनेकों विद्यार्थियों ने कई विषयों में 90 से ज्यादा अंक हासिल किए। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इन विद्यार्थियों की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि यह इनोवेटर्स की पौध तैयार हो रही, जोकि आगे चल कर देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। डॉ. राज नेहरू ने कहा कि पारंपरिक विषयों की बजाए अब कौशल और तकनीक पर आधारित विषयों को आगे बढ़ाने का दौर है। इसीलिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने स्कूल स्तर पर आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषय शुरू किए हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने से स्पष्ट है कि विद्यार्थी इस क्षेत्र में अद्भुत प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यह स्कूल देश में आधुनिक शिक्षा का मॉडल है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वर्णिम भविष्य की बधाई दी।

# 10वीं और 12वीं के परीक्षा परि□ाम में मानव रचना इंटरनेशनल स्कूलों का शानदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)**। मानव रचना इंटरनेशनल स्कूलों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षा में शानदार परिणाम लाकर एक बार से अपनी उत्कृष्टता को साबित किया है। उत्तर भारत के फरीदाबाद, गुरुग्राम, नोएडा, लुधियाना और मोहाली स्थित आठों स्कूलों ने दसवीं और बारहवीं में सौ फीसदी परीक्षा परिणाम के साथ अपनी छाप छोड़ी है। सभी स्कूलों में कक्षा 10वीं में परीक्षा देने वाले कुल 765 छात्रों और कक्षा 12वीं में कुल 614 छात्रों ने सफलता हासिल की है। 12वीं कक्षा में प्रद्युम्न सिंह शेखावत ने केमिस्ट्री में 100, अंशुमन और चैतन्य ने बिजनेस स्टडीज में 100, कृष ने अकाउंट में 100 अंक हासिल किए। 10वीं में अंग्रेजी में- सहज बजाज, मानसी गोयल; सोशल साइंस में पीहू बंसल, सैयांश दास, छवि मित्तल ने 100 अंक हासिल किए। 12वी में बिजनेस स्टडीज में राधिका मनचंदा ने सौ फीसदी अंक हासिल किए हैं। कनन भाटिया ने राजनीति विज्ञान और महप्रीत कौर पाहवा ने अकाउंटेंसी में 100 अंक पाए। 10वी कक्षा में विज्ञान विषय में इशिता शर्मा, सार्थक जैन, देवाशं भड़ाना और अंशिका गुप्ता ने 100 अंक हासिल किए। दृष्टि लोवे ने अंग्रेजी में 100 अंक पाए। मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला और उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला ने सीबीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन के लिए सभी स्कूलों के टॉपर्स सहित प्रिंसिपलों, कर्मचारियों, छात्रों और अभिभावकों को बधाई दी। मानव रचना स्कूल सेक्टर-14 की डायरेक्टर प्रिंसिपल श्रीमती ममता वाधवा, चार्मवुड विलेज स्कूल प्रिंसिपल दिवजोत कौर, गुरुग्राम सेक्टर-46 डायरेक्टर प्रिंसिपल श्रीमती धृति मल्होत्रा , सेक्टर-51 गुरुग्राम प्रिंसिपल श्रीमती पूजा पुरी, प्रिंसिपल नोएडा स्कूल श्रीमती निंदिया साकेत , प्रिंसिपल मोहाली स्कूल श्रीमती तरुना वशिष्ठ, प्रिंसिपल लुधियाना स्कूल श्रीमती अंजू धवन ने भी शानदार परिणाम पर सभी को शुभकामनाएं दी। डॉ. प्रशांत भल्ला ने कहा, "छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों व स्कूल प्रिंसिपलों की कड़ी मेहनत और लगन से ही ये सफलता मिलती है। परीक्षा परिणाम से बेहद खुश हू और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। स्कूल में समग्र विकास पर फोकस किया जाता है यही वजह है कि पढ़ाई के साथ खेलकूद, प्रौद्योगिकी और साहित्यिक गतिविधियों में भी छात्रों की उपलब्धियां शानदार रहती है। डॉ. अमित भल्ला ने सभी को बधाई देते हुए कहा, " मानव रचना इंटरनेशनल स्कूलों ने 100त्न परिणाम के साथ खुद को साबित किया है। हम सभी इस उपलब्धि से बेहद खुश और उत्साहित हैं। ये सफलता हर क्षेत्र में आगे बढ? के लिए स्कूल के छात्रों, शिक्षकों, सहयोगियों और प्रिंसिपलों और प्रदान किए गए अवसरों और उनकी कड़ी मेहनत के बूते ही संभव हो पाई है। कार्यकारी निदेशक श्रीमती दीपिका भल्ला, निशा भल्ला, डॉ. सन्नी बंसल, श्री गौरव राय और श्री लवकेश मागू ने भी सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों की सफलता पर खुशी जताई।

# अब दुर्लभ बीमारियों से ग्रसित मरीजों को मिलेगी 2750 रुपए मासिक पेंशन



**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)**। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में अब दुर्लभ बीमारियों से ग्रसित मरीजों को 2750 रुपए मासिक पेंशन मिलेगी। उन्होंने कहा कि मरीजों के हित में हरियाणा सरकार ने सराहनीय निर्णय लिया है। हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में मरीजों के हित में सराहनीय निर्णय लेते हुए 55 दुर्लभ बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को आर्थिक सहायता स्वरूप 2750 रुपए प्रति माह पेंशन देने का निर्णय लिया गया है। डीसी विक्रम सिंह ने सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में लिए गए इस निर्णय पर जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की ओर से चिन्हित 55 दुर्लभ बीमारियों की सूची स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराते हुए पात्र मरीजों को पेंशन देने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों से ग्रसित मरीज स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट पर अपने मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार पोम्पे डिजीज, ड्यू केन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी और स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी जैसी 55 दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए सरकार आर्थिक सहायता देगी। इन मरीजों को प्रति माह 2750 रुपए पेंशन दी जाएगी।

हरियाणा सरकार



> राष्ट्रीय शिक्षा नीति 21वीं सदी के भारत को
> एक नई दिशा देने जा रही है और हम एक ऐसे क्षण का हिस्सा बन रहे हैं
> जो हमारे देश के भविष्य के निर्माण की नींव रख रहा है।
> - नरेन्द्र मोदी


# हरियाणा के सरकारी विद्यालयों के 147 विद्यार्थी JEE ADVANCED 2023 के लिए क्वालिफाइड




सोहेल (99.96) भिवानी
हार्दिक गोयल (99.95) पंचकूला
आदित्य गर्ग (99.84) कुरुक्षेत्र
मोक्षम (99.54) करनाल
उदीप्त सैनी (99.46) कुरुक्षेत्र
रजत (99.39) जीन्द
कृष गोयल (99.25) कुरुक्षेत्र
विजय सिंह (99.01) कुरुक्षेत्र

## 99 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी

## 90 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी



राघव बठला (98.94) यमुनानगर | नीतेश (98.65) पानीपत | मनन चावला (98.57) गुरुग्राम | आकिल परवेज (98.54) नूंह | अमन (98.47) करनाल | प्रमोद कुमार (98.30) सिरसा | अंश मलिक (98.27) पानीपत | मृदुल बंसल (98.16) पंचकूला | आतिश कुमार (98.00) फरीदाबाद | लविश (97.69) पंचकूला



अक्षत सिंह (97.60) पंचकूला | तनवीर अहमद खान (97.52) गुरुग्राम | मनीष (97.25) सिरसा | खुशी (97.07) महेन्द्रगढ़ | पलक (96.83) हिसार | जयंत सैनी (96.80) महेन्द्रगढ़ | लीशा (96.77) कुरुक्षेत्र | दक्ष पोखरियाल (96.47) यमुनानगर | शुभम (96.42) पंचकूला | अनुज (96.36) हिसार




मुकुल (96.34) हिसार | खुशी (95.76) पलवल | जतिन (95.51) महेन्द्रगढ़ | जतिन (95.40) भिवानी | अर्शित (95.35) फतेहाबाद | अजय कुमार (95.25) सिरसा | नवदीप कौर (95.19) सिरसा | सृष्टि राय (94.94) फरीदाबाद | प्रियांशु कुमार (94.80) फरीदाबाद | हरपाल सिंह (94.52) सिरसा



नरेन्द्र कुमार (94.52) फतेहाबाद | अंकित (94.44) जीन्द | संकेत भ्यान (94.44) हिसार | हिमांशु डागर (94.42) झज्जर | तेजल गोयल (94.38) अम्बाला | नरेश (94.21) गुरुग्राम | गौरव (94.06) हिसार | अपूर्व (93.96) अम्बाला | आदित्य कुमार (93.81) भिवानी | अभिषेक शर्मा (93.81) पंचकूला



योगेश कुमार (93.80) सिरसा | ममता (93.64) फतेहाबाद | सौरभ छाबड़ा (93.60) पंचकूला | नीकिता (93.49) हिसार | प्रियांशु (93.40) हिसार | सूर्यांश रोहिल (93.12) यमुनानगर | लविश मेहता (93.01) सिरसा | उदय भास्कर सिंह (93.00) करनाल | आदित्य वर्मा (92.82) फरीदाबाद | आशिमा सुखीजा (92.65) कुरुक्षेत्र




राशि (92.11) नूंह | केतन (91.60) रेवाड़ी | आर्यन (91.38) फतेहाबाद | पारस बब्बर (91.37) सिरसा | सोनाक्षी (91.36) जीन्द | राघव (91.28) फतेहाबाद | आदित्य शर्मा (91.01) पंचकूला | कनिका (90.99) सिरसा | रवि गुप्ता (90.95) गुरुग्राम



यश मंगला (90.85) नूंह | आलोक कुमार (90.60) फरीदाबाद | आयुष्मान (90.55) हिसार

## आंकड़े स्वयं बोलते हैं ...

## विद्यालय शिक्षा विभाग, हरियाणा



लक्ष्य पाठक (90.53) फरीदाबाद | केशव (90.21) हिसार | गरिमा गुप्ता (90.09) अम्बाला